संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

15वें
वर्ष में प्रवेश

# दैनिक दैनन्दिनी.

◆ वर्ष-15 ◆अंक-017 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ◆CHHHIN/2010/34274 ◆ पृष्ठ-08 मूल्य-1.50 रुपए ◆ रायपुर, शनिवार जून 2024

## पंचाग

तिथिः नवमी
नक्षत्रः उत्तर फाल्गुनी
प्रथम करणः बालव
द्वितीय करणः कौलव
पक्षः शुक्ल
योगः व्यतीपात
सूर्योदयः 05:24
सूर्यास्तः 19:18
चंद्रमाः कन्या

### पीएम मोदी के त्वरित एक्शन से दिल्ली आया कुवैत अग्निकांड पीड़ितों का शव



नई दिल्लीः कुवैत की एक इमारत में लगी भीषण आग में मारे गए 45 भारतीयों में से 14 के शव लेकर भारतीय वायुसेना का एक विमान शुक्रवार शाम केरल के कोच्चि से दिल्ली पहुंचा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इन 45 शवों को लेकर सी-130जे विमान सुबह 10.30 बजे कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य के मंत्रियों ने हवाई अड्डे पर 31 शव प्राप्त किये। केरल हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने बताया कि शेष 14 शव को कोच्चि से घरेलू उड़ान वाले उसी विमान से दिल्ली भेजा गया। विमान के राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने के दौरान नवनिर्वाचित सांसदों योगेन्द्र चंदोलिया और कमलजीत सहरावत मौजूद रहे। भारतीय वायुसेना के विशेष विमान ने शुक्रवार सुबह कुवैत से कोच्चि के लिए उड़ान भरी थी। कुवैत के मंगाफ में बुधवार को सात मंजिला इमारत में लगी आग में कम से कम 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई थी और 50 अन्य घायल हो गये थे।

### सिक्किम में भारी बारिश का कहर, 6 लोगों की मौत



गंगटोकः उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में लगातार बारिश से बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन के कारण 15 विदेशी नागरिक सहित 1,200 से अधिक पर्यटक फंस गए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भूस्खलन और भारी बारिश के कारण पर्वतीय राज्य में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, संपत्तियों को नुकसान पहुंचा तथा कई क्षेत्रों में सड़क संपर्क, बिजली और खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क बाधित हो गए। सिक्किम के पर्यटन एवं नागर विमानन विभाग के प्रधान सचिव सी एस राव ने एक बयान में कहा, ''प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क अवरुद्ध हो जाने से लगभग 1,200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक (थाईलैंड के दो, नेपाल के तीन, बांग्लादेश के 10) मंगन जिले के लाचुंग में फंसे हुए हैं।''

### दिल्ली में देर रात भारी बारिश होने की संभावना

नई दिल्लीः राष्ट्रीय राजधानी में देर रात को हल्की बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के सामान्य औसत से चार डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली और एनसीआर के आसपास के इलाकों में देर रात को हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ गरज के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। दिन के समय दिल्ली में 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया गया था। आईएमडी ने बताया कि नजफगढ़ मौसम केंद्र में अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली के अन्य स्थानों में आया नगर में अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि पूसा में 45.6 डिग्री सेल्सियस, रिज में 44.8 डिग्री सेल्सियस और पालम में 44.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक सापेक्ष आर्द्रता 21 प्रतिशत से 40 प्रतिशत के बीच रही।

## जी7 समिट में पहुंचे पीएम

# सार्थक चर्चा करने के लिए उत्सुक हूंः मोदी

### इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है. समिट में पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने वेलकम किया.

नई दिल्ली : इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है. समिट में पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी ने वेलकम किया. वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक वीडियो मैसेज में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री G7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के ब्रिंडिसि एयरपोर्ट पहुंचे. अपनी इटली की यात्रा के दौरान पीएम मोदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका-भूमध्यसागरीय शिखर सम्मेलन भाग लेंगे, जिसकी मेजबानी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी करेंगी. इसमें पोप फ्रांसिस भी शामिल होंगे. इस दौरान पोप, पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे. जी7 समिट में पहुंचने से पहले पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की. इस दौरान पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि स्थिर और समृद्ध वैश्विक व्यवस्था के लिए भारत और फ्रांस के बीच मजबूत और भरोसेमंद रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण है. दोनों नेताओं ने 'मेक इन इंडिया' पर ज्यादा ध्यान देने के साथ ही रणनीतिक



रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति जताई. जी7 नेताओं की गुरुवार (13 जून) को मीटिंग हुई. इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल शामिल हुए. इस दौरान उद्घाटन भाषण में वर्ल्ड लीडर्स ने कहा कि वैश्विक दक्षिण को एक स्ट्रॉन्ग मैसेज भेजने के लिए साउथ इटली को जी7 समिट के लिए चुना गया है.

**फ्रांस के राष्ट्रपति संग क्या-क्या हुई बात?**

मेलोनी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि ये कोई संयोग नहीं है कि हम अपुलिया में शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं. हमने ऐसा इसलिए किया क्योंकि अपुलिया दक्षिणी इटली का एक क्षेत्र है और हम जो संदेश देना चाहते हैं वह यह है कि इतालवी अध्यक्षता के तहत हम वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ अपनी बातचीत को मजबूत करना चाहते हैं. रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की गुरुवार को जी7 समिट में पहुंचे. यहां पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और उज्जवल भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक की पिछली मुलाकात 9 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री सुनक की यह पहली भारत यात्रा थी। विशेष रूप से, भारत एक आउटरीच देश के रूप में शिखर सम्मेलन में भाग ले रहा है। यह शिखर सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलिया क्षेत्र में शानदार बोर्गो एग्नाज़िया रिसॉर्ट में हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। गुरुवार देर रात अपुलिया के ब्रिंडिसि हवाई अड्डे पर जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी उतरे, इटली में भारत की राजदूत वाणी राव और अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।




**मुख्यमंत्री ने शुरू की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा**

**समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित**

**समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, श्री पी. दयानंद, डॉ. बसव राजू एस सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं**

## गरियाबंद एनआईए रेड पूर्व सरपंच हिरासत में



गरियाबंदः नक्सली हमले में शहीद हुए आईटीबीपी के जवान के मामले की जांच करने एनआईए की टीम गरियाबंद जिले के बड़े गोबरा (मैनपुर) पहुंची. टीम ने पूर्व सरपंच समेत 6 लोगों को अपने कब्जे में लिया है. वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि एनआईए की टीम ने प्रधानमंत्री आवास के लिए मिले पैसे को भी जब्त कर लिया. बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान आईटीबीपी के जवान जोगिंदर सिंह की आईईडी की चपेट में आने से शहादत हुई थी. इस मामले को एनआईए को सौंपा गया था. गुरुवार को इस मामले की जांच को लेकर एनआईए की टीम मैनपुर के बड़े गोबरा पहुंची थी. इधर पूर्व सरपंच सहित कुछ लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में उनके परिजनों और ग्रामीणों ने मैनपुर थाने का घेराव किया. एनआईए रेड जांच के दौरान टीम ने आरोपियों के पास से जब्त की गई राशि को ग्रामीणों ने अपने-अपने प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दी गई राशि बताया है. सूत्रों का कहना है कि तलाशी में टीम ने 2 लाख से अधिक की राशि मोबाइल व अन्य संदिग्ध वस्तुओं को भी कब्जे में लिया. इसका ग्रामीणों ने विरोध किया है.'''

## बृजमोहन ने निकाली आभार रैली : अपने नए सांसद के स्वागत में उमड़ी राजधानी, व्यापारियों ने फूल मालाओं से लादा

**राजधानी रायपुर में नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल की आभार रैली शुरू हुई। रैली उरला के बंजारी मंदिर से शुरू हुई और शहर के विभिन्न स्थानों भ्रमण कर रही है। जहां वो जनता के प्रति आभार जता रहे हैं।**



रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार को नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल की आभार रैली शुरू हुई। रैली उरला के बंजारी मंदिर से शुरू हुई और शहर के विभिन्न स्थानों भ्रमण कर रही है। जहां वो जनता के प्रति आभार जता रहे हैं। कार्यकर्ताओं द्वारा कई स्थानों पर बृजमोहन अग्रवाल का भव्य स्वागत भी किया जा रहा है। उनकी इस आभार रैली में वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत, पूर्व सांसद सुनील सोनी समेत कई बीजेपी नेता मौजूद हैं। आभार यात्रा को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, जनता ने भारी बहुमत से टॉप 10 में रायपुर लोकसभा क्षेत्र को लाया है। इसलिए जनता के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यह आभार रैली निकाली जा रही है। मैं रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। वहीं बीजेपी कार्यकर्ता जगह-जगह पर उनका भव्य स्वागत कर रहे हैं। इस्तीफों की अटकलों पर दिया जवाब सांसद बन चुके प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का कहना है, मंत्री तो मैं छह माह तक रह सकता हूं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिस दिन कहेंगे, उसी दिन इस्तीफा दे दूंगा। जहां तक किस पद से इस्तीफा देने का सवाल है, तो इसका फैसला पार्टी करेगी। पार्टी का जैसा आदेश होगा। उसका पालन किया जाएगा। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद से इस बात को लेकर चर्चा है कि वे कब विधायक और मंत्री के पद से इस्तीफा देंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश अनुसार होगा काम गुरुवार को सुबह प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने सवाल खड़ा किया था कि, बृजमोहन अग्रवाल को स्पष्ट करना चाहिए कि वे सांसद का पद छोड़ रहे हैं या फिर विधायक का पद। बृजमोहन अग्रवाल गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा, मंत्री तो मैं नियम से छह माह तक रह सकता हूं, लेकिन मुख्यमंत्री जिस दिन कहेंगे, उसी दिन इस्तीफा दे दूंगा। अब विधायक और सांसद में से किस पद पर रहना है, इसका फैसला मुझे नहीं पार्टी को करना है। राष्ट्रीय नेतृत्व का जैसा निर्देश होगा, उसके हिसाब से फैसला होगा।

## बलौदाबाजार की घटना के बाद कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी : गृह मंत्री

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में हुई हिंसा के बाद इस पर चल रही सियासत के बीच प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि, इस घटना के बाद से प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। गृह मंत्री होने के बाद भी मैं इस बात को कह रहा हूं। प्रदेश के पूरे जिले में क्या स्टैंडर्ड पुलिसिंग होना चाहिए और इस पर काम हो रहा है। शीघ्र ही इसे सभी जिलों में लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि, बलौदाबाजार के मामले में SP और कलेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। उनकी घोर लापरवाही की वजह से ऐसा किया गया है। घटनाक्रम के बारे में जितने भी वीडियो मिले हैं, उनसे बहुत सारी बातें स्पष्ट होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि, कुछ और भी बातों की फीडबैक मिली है, जिससे कई चीजें स्पष्ट हो रही हैं। उनकी भी जांच की जा रही है। इस घटना के बाद पुलिस महकमा पूरी तरह से सजग है। इस घटना के बाद से कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। गृह मंत्री होने के बाद भी मैं इस बात को कह रहा हूं। प्रदेश के पूरे जिलों में स्टैंडर्ड पुलिसिंग



होना चाहिए और इस पर काम हो रहा है। शीघ्र ही इसे सभी जिलों में लागू कर दिया जाएगा। कांग्रेस डेलिगेशन पहुंचा बलौदाबाजार बलौदाबाजार में हुई हिंसा के बाद इस पर सियासत तेज हो गई है। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, के साथ कांग्रेस पार्टी के सभी 30 विधायक और नेतागण सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ बलौदाबाजार पहुंचे हैं। यहां पहुंचते ही कांग्रेस के डेलिगेशन ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट परिसर और एसपी कार्यालय को देखा। बघेल बोले- एसपी और कलेक्टर पीछे के दरवाजे से भागे बलौदाबाजार रवाना होने से पहले रायपुर में मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, सरकार की नाकामी की वजह से कलेक्टर और एसपी कार्यालय को जला दिया गया है।

## सीएम साय ने प्रदेशवासियों को महेश नवमी पर्व की दी शुभकामनाएं




**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने माहेश्वरी समाज के उद्भव दिवस और प्रभु शिव-माता पार्वती की उपासना के पर्व महेश नवमी की प्रदेशवासियों विशेषकर माहेश्वरी समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि यह दिन हम सबको जरूरतमंदों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित होने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है।

## अवैध चौपाटी पर लगाम : निरीक्षण के दौरान विधायक मूणत ने कहीं और शिफ्ट करने के दिए निर्देश

**साइंस कॉलेज के पास अवैध चौपाटी को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिया गया है। पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने अफसरों के साथ निरीक्षण किया है।**

**रायपुरः** साइंस कॉलेज के पास अवैध चौपाटी लगाई जा रही थी। अब इस चौपाटी को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल, पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने अफसरों के साथ निरीक्षण किया, जिसके बाद निर्देश देते हुए कहा कि, अड्डेबाजी से स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। जल्द इसे दूसरी जगह पर लगाया जाए। साथ ही कहा कि, चौपाटी को कहां शिफ्ट करना है ये अफसर विचार करके लगाएंगे। दुकान आवंटन की होगी जांच पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने कहा कि, साइंस कॉलेज परिसर में अवैध चौपाटी नहीं रहेगी और कांग्रेस सरकार के वक्त में जो दुकान आवंटित की गई है, उस पर जांच होगी। झीरम की तरह जेब में सबूत लेकर न घूमे बलौदाबाजार हिंसा को लेकर में राज्य सरकार की बड़ी कार्रवाई करते हुए कलेक्टर केएल चौहान और एसएसपी सदानंद कुमार को निलंबित कर दिया है। इस मामले में पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने कहा कि, जो भी अफसर गलत करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके बाद कांग्रेस नेताओं के बलौदाबाजार जाने को लेकर कहा कि, बलौदाबाजार जाएं निरीक्षण करें, कोई सबूत हो तो शासन को जरूर दें, झीरम मामले की तरह जेब में सबूत लेकर घूमने का काम न करें तो बेहतर होगा।



# रेल नेटवर्क से जुड़ेगा मुंगेली जिलाः मुख्यमंत्री साय

**रेल नेटवर्क से जुड़ेगा मुंगेली जिला मुख्यमंत्री ने कहा कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल परियोजना अंतर्गत भू-अर्जन की कार्यवाही जल्द**

**25 करोड़ की लागत के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास**

**मुख्यमंत्री फरहदा में भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल**

**रायपुर** : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आने वाले समय में मुंगेली जिला रेल नेटवर्क में शामिल हो जाएगा, इससे मुंगेली जिले में रेल की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि कटघोरा-डोंगरगढ़ विशेष रेल परियोजना के लिए राज्य शासन द्वारा 300 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति दी जा चुकी है। शीघ्र ही भू-अर्जन की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। इस परियोजना अंतर्गत मुंगेली जिले में 38.02 किलोमीटर रेल लाईन गुजरेगी, जिससे इस क्षेत्र के लोग भी आने वाले समय में रेल सेवा से लाभान्वित होंगे। श्री साय आज मुंगेली जिले के ग्राम फरहदा में भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।



**मुख्यमंत्री ने कहा कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल परियोजना अंतर्गत भू-अर्जन की कार्यवाही जल्द**

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर ग्राम फरहदा में साहू समाज के सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपए, आदिवासी एवं सतनामी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 6-6 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में लगभग 25 करोड़ से अधिक की राशि के 19 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने ग्राम फरहदा में शासकीय हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल के रूप में उन्नयन और ग्राम भालापुर से अचानकपुर तक और हरियरपुर से टेढ़ाधौंरा तक सड़क नवीनीकरण कार्य के लिए भी घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने भक्त माता कर्मा प्राण-प्रतिष्ठा के लिए साहू समाज एवं उपस्थित सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की ग्राम फरहदा में भक्त माता कर्मा मंदिर का निर्माण बिना किसी शासकीय सहयोग के सभी ग्रामवासियों ने मिलकर करवाया है। यह ग्रामवासियों के सामूहिक एकता को दर्शाता है। उन्होंने बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से श्री तोखन साहू को सांसद के रूप में जिताने के लिए जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रीमंडल में सांसद श्री तोखन साहू को आवास एवं शहरी मामलों के केन्द्रीय राज्यमंत्री बनाया गया है, जो पूरे प्रदेश एवं इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की हमारी सरकार विकास की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश के किसानों को हम 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत दे रहे है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर-मुंगेली रोड से ग्राम फरहदा मार्ग जिसकी कुल लंबाई साढ़े पांच किलोमीटर है, बजट में इसे स्वीकृत किया गया है, जल्द ही इसका कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि हमारी सरकार विकास के लिए समर्पित है। प्रदेश सरकार पानी, बिजली, आवास सहित विकास के सभी आयामों पर बेहतर तरीके से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवागंन ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुंगेली विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल, तखतपुर विधायक श्री धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला, विधायक रायपुर श्री मोतीलाल साहू, पूर्व सांसद श्री लखनलाल साहू, पूर्व विधायक श्री विक्रम मोहले, श्री कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीलू साहू, श्रीमती अम्बालिका साहू, श्रीमती दुर्गा उमाशंकर साहू अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रदेश, जिला एवं तहसील साहू समाज के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में सामाजिक बन्धु मौजूद रहे।

**लोकार्पण और शिलान्यास**

मुख्यमंत्री श्री साय ने जिन कार्यों का लोकार्पण किया उनमें ग्राम पा. खम्हरिया में 1.89 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 33/11 व्ही सब स्टेशन, ग्राम कंतेली में 1.87 करोड़ रूपए की राशि से निर्मित 33/11 के. व्ही सब स्टेशन और आगर व्यपवर्तन योजना के तहत 19 करोड़ 12 लाख 57 हजार रूपए की लागत से निर्मित 15 माईनर नहर में सी.सी. लाईनिंग व स्ट्रक्चरों के जीर्णोद्वार के कार्य शामिल हैं। इसी तरह 01.37 करोड़ रूपए की लागत से नवागढ़ चौक से खैरवार बायपास रोड में 06 किलोमीटर तक एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य, 34.35 लाख रूपए की लागत से देवरी से खेढ़ा कालोनी में एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य, शासकीय हाईस्कूल फुलवारी एफ., जोता, भटगांव तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल खुड़िया, बैगाकापा, सुकली, देवरहट, मनोहरपुर, नगर पालिका मुंगेली, पदमपुर, जरहागांव, सिलतरा, लौदा और बैतलपुर में प्रत्येक में 07 लाख 63 हजार रूपए की राशि से कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

# नियद नेल्लानार से वनांचल में बदलाव की बयार

## बीजापुर के डुमरीपालनार गांव में पहुंचने लगी बुनियादी सुविधाएं, शासन-प्रशासन के प्रति वनवासियों में जगा विश्वास

**बीजापुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा बस्तर अंचल के सुदूर वनांचल विशेषकर नक्सल प्रभावित गांवों में बुनियादी सुविधाएं और वनवासियों को सरकार की योजनाओं का बिना किसी व्यवधान के लाभ पहुंचाने के प्रयास सफल होने लगे है। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित गांवों में अब यह सुविधाएं तेजी से पहुंचने लगी है। शासन-प्रशासन के इन प्रयासों को सफल करने में नियद नेल्लानार योजना अहम रोल अदा कर रही है। नियद नेल्लानार की बदौलत अब नक्सल प्रभावित गांवों में शासकीय अमले की आमदरफ्त बढ़ी है। जिसके चलते वनवासियों का भरोसा बढ़ा है और अब वह सरकारी नुमाइदों से बेझिझक मेल-मुलाकात करने के साथ ही अपनी जरूरतों को बताने लगे हैं। बस्तर अंचल के बीजापुर जिले के कई गांव बीते दो दशकों से नक्सलवादी गतिविधियों के कारण विकास की मुख्यधारा से न सिर्फ कट गए थे, बल्कि बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित थे। माओवाद प्रभावित इन गांवों में सुरक्षा कैम्पों की स्थापना और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष प्रयासों से शुरू हुई नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों में एक नया विश्वास जगा है। सुरक्षा कैम्पों के आसपास के पांच गांवों को चिन्हित कर शासन की 32 कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं के तहत आवास, अस्पताल, पेयजल, बिजली, सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाओं की तेजी से उपलब्धता सुनिश्चत करने के साथ ही हितग्राही मूलक कार्यक्रमों का लाभ भी दिया जा रहा है, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सकें। बीजापुर जिला मुख्यालय से तकरीबन 45 किलोमीटर दूर बुरजी ग्राम पंचायत का गांव डुमरीपालनार भी बरसो-बरस माओवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। नियद नेल्लानार योजना के कारण अब इस गांव में विकास की बयार बहने लगी है। डुमरीपालनार में सुरक्षा कैम्प की स्थापना



और आवागमन के लिए बनी सड़क ने ग्रामीणों के दिलों को शासन-प्रशासन से जोड़ दिया है। ग्रामीणों ने अब माओवादियों की भय और आतंक की चादर को उतार फेंका है। गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विकास की बातें होने लगी है। बैलाडीला पहाड़ियों से निकलने वाले लाल दूषित पानी को पीने को मजबूर डुमरीपालनार के ग्रामीणों को अब स्वच्छ पेयजल मिलने लगा है। प्रशासन ने इस गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 5 हैण्डपंप भी लगवा दिए है। बीजापुर के गंगालूर, पुसनार, हिरोली सड़क मार्ग से होते हुए डुमरीपालनार पहुंचने पर यह स्पष्ट रूप से पता चलता है कि इस गांव की तस्वीर और ग्रामीणों की तकदीर बदलने में शासन के प्रयास प्रभावी साबित होंगे। ग्रामीणों में विकास के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ा है। डुमरीपालनार गांव में स्कूल फिर चलें अभियान को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। ग्रामीणों ने स्थानीय संसाधन से बच्चों के पढ़ने के लिए अधोसंरचना भी निर्मित की है। ग्रामीणजन स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, राशन जैसी शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बेखौफ आगे आने लगे है।



# विकास कार्यों का लिया जायजा मौके पर अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन वृद्धि रोकने के दिए निर्देश

## कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने किया भैरमगढ़ ब्लॉक का औचक निरीक्षण



**बीजापुर ।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरु में इंडसइंड बैंक, हॉस्पिटल और तहसील कार्यालय कुटरू का आकस्मिक निरीक्षण किया गया इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधक को लक्ष्यों की पूर्ति नही करने के वजह से लक्ष्य पूर्ति करने के कड़े निर्देश दिए एवं तहसील कार्यालय में दो कर्मचारी पूर्व सूचना के अनुपस्थित होने के कारण दोनों कर्मचारियों के एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम आकलंका में ग्रामीणों से मूलभूत सुविधा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक चर्चा भी किए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल एसडीएम भैरमगढ़ विकास सर्वे तहसीलदार कुटरु सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पंचायत की मदद से बुजुर्ग-बीमार दंपत्ति का बना आवास

- **असमर्थता के चलते आवास की राशि शासन को वापस करने का कर रहे थे विचार, अब पक्का आवास देख हुए भावुक**
- **जिला सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार ने 2 माह पूर्व विजिट कर बरसात के पूर्व आवास पूर्ण करने दिए थे निर्देश, रोजगार सहायक सुरेंद्र कोड़े के हाथो फीता कटवा दंपति को कराया गृह प्रवेश**




**बीजापुर ।** ग्राम पंचायत तमलापल्ली के 60 वर्षीय बुजर्ग एवं बीमार हितग्राही पारेंट हन्मैया को वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री आवास तो स्वीकृत हो गया था किंतु घर में कोई काम में हाथ बटाने वाला नहीं होने के चलते आवास नहीं बनवा पा रहे थे। जिसके कारण पारेंट हन्मैया झोपड़ी में रहने को मजबूर तो थे ही साथ ही उनके मन में विचार आता कि उनका मकान बनाने सामान खरीदी और देख रेख कौन करेगा उससे अच्छा शासन की राशि वापस किया जाना ही ठीक रहेगा। 13 अप्रैल को निरीक्षण के दौरान जब यह जानकारी जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार को पता चली तो बुजुर्ग दंपति के आवास को बरसात पूर्व अपनी निगरानी में बनवाने के लिए सचिव, रोजगार सहायक को निर्देशित किया। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला सीईओ नंदनवार ने गृह प्रवेश में पहुंचकर रोजगार सहायक सुरेंद्र कोड़े के हाथों आवास का फीता कटवा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने उनकी पीठ थपथाई। पंचायत के इस संवेदनशील पहल के लिए सरपंच कमला पोटम, सचिव पी. सदानंदन कि प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। बुजुर्ग दंपति ने बताया कि वे गरीबी और बीमारी से आई शारीरिक दुर्बलता के कारण आवास नहीं बना पा रहे थे। हमारे आवास को पूर्ण करने में पंचायत सचिव और रोजगार सहायक ने कड़ी मेहनत की। आवास अब पूर्ण हो गया है जिसकी पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश किए ताकि बरसात में भय मुक्त रह सके। पारेंट हन्मैया और उनकी पत्नी लक्ष्मी बाई की आंखों में गृह प्रवेश के अवसर पर खुशी के आंसू आ गए। उन्होंने प्रशासन की मदद और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने पर शासन को धन्यवाद दिया। गांव में भी ग्रामीण भी प्रशासन की इस पहल की तारीफ कर रहे हैं।

# बीमार पति के इलाज में रंगीन बाई उपयोग कर रही महतारी वंदन की राशि

**कोरबा ।** प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा सराहनीय पहल करते हुए महतारी वंदन योजना लागू किया गया है। इस योजना का लाभ मिलने से जिले की महिलाएं बहुत ही उत्साहित है और अपने सुरक्षित भविष्य के प्रति पूरी तरह से निश्चित नजर आ रही हैं। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित कोरबा शहरी क्षेत्र के पंप हाउस निवासी श्रीमती रंगीन बाई ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने हेतु इस योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने उत्साहपूर्वक बताया कि यह बहुत खुशी की बात है कि महिलाओं के हित में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सराहनीय योजना संचालित की गई है। जिसका लाभ आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की महिलाओं को मिल रहा है। योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग महिलाएं अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सहित विभिन्न कार्यों के लिए कर रही हैं। पिछले तीन माह से उसे भी योजना का लाभ मिल रहा है। हितग्राही रंगीन बाई ने बताया कि वह नगर निगम द्वारा तुलसी नगर में संचालित एसएलआरएम सेंटर में स्वच्छता दीदी के रूप में कार्य करती हैं। पति श्री भुजबल लकवाग्रस्त हैं ऐसे में परिवार चलाने की जिम्मेदारी उसके ऊपर ही है। कम आय में घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति एवं पति के इलाज का खर्च उठाने में परेशानी होती है। जो कुछ कमाती है वह घरेलू खर्च और बीमार पति के इलाज में ही चला जाता है। लेकिन अब जब से महतारी वंदन योजना लागू हुई है उसे भी हर माह एक-एक हजार रुपए मिल रहा है। इससे उसे बड़ी राहत मिल रही है। महतारी वंदन की राशि का उपयोग वह अपने बीमार पति के लिए दवाइयां खरीदने में उपयोग कर रही है, घर की अन्य जरूरत को भी पूरा कर रहीं हैं। रंगीन बाई ने खुशी जताते हुए कहा कि उसे अब अपने पति के ईलाज व दवाइयों के लिए उसे फिक्र करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। उसने इस कल्याणकारी योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री



विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# नीति आयोग दिल्ली की टीम द्वारा आकांक्षी विकासखण्डों का किया गया दौरा

**कोरबा ।** जला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में नीति आयोग दिल्ली से श्री शिवम मिश्रा (यंग प्रोफेशनल) द्वारा आकांक्षी ब्लॉक पोड़ीउपरोड़ा एवं कोरबा जनपद में चल रहे आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य-कुपोषण, कृषि, पशुपालन से संबंधित सूचकों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं संबंधित विभागों से समन्वय कर कमियों को यथाशीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। बैठक में श्री अरविंद लकड़ा रूर्बन विशेषज्ञ, ब्लॉक फेलो तथा पिरामल फाउन्डेशन के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक उपरांत टीम के द्वारा ग्राम पंचायत दोंदरो का दौरा किया गया, जहां महिला स्व-सहायता समूहों, बैंक सखी इत्यादि की उपस्थिति में समूहों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों, बाजार की उपलब्धि, आय-व्यय एवं इससे संबंधित चुनौतियों और समस्याओं पर चर्चा की गई तथा समस्याओं के निराकरण के सुझाव दिए गए।

इसके पश्चात् विकासखण्ड कोरबा के गढ़उपरोड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया गया, इस



दौरान वहां उपस्थित सी.एच.ओ. एवं आर.एच.ओ. के साथ संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व देखभाल, गर्भवती महिलाओं के नियमित जांच एवं टी.बी. इत्यादि की अद्यतन जानकारी से टीम को अवगत कराया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिला के घर जाकर उचित पोषण-बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी दी गई।

# निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार - सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा

**कोरबा ।** श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार 12 जून 2024 को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम कल्याण केन्द्र, (जूनियर क्लब) सी.एस.ई.बी. कॉलोनी दर्री कोरबा में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा कु. डिंपल के द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस मनाये जाने के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि वर्ष 1973 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन अभिसमय संख्या 138 बाल मजदूरी को 15 वर्ष से कम उम्र के किसी व्यक्ति द्वारा किये गये किसी आर्थिक गतिविधियों का उल्लेख करता है। बालकों के मौलिक अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुए कहा गया कि संविधान में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराया जाने के संबंध में प्रावधान किया गया है। निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा हेतु बच्चों का अधिकार अधिनियम 2009, 06 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 में कारखाने आदि में बच्चों को काम पर लगाये जाने का निषेध किये जाने के संबंध में बताया गया कि 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को कारखाने, खदान में अथवा अन्य जोखिम भरे रोजगार में कार्य करने हेतु नियुक्त नहीं किया जाएगा। संविधान में प्रावधानित राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली नीति निर्देशक सिद्धांत के अंतर्गत मजदूरों, पुरुषों एवं महिलाओं तथा कम उम्र के बच्चों को स्वास्थ्य तथा शक्ति का दुरुपयोग न हो तथा आर्थिक आवश्यकताओं से मजबूर होकर नागरिक ऐसे व्यवसायों में प्रवेश करने के लिये विवश न हों। जो उनकी उम्र एवं शक्ति के अनुकूल नहीं है, तथा बच्चों को स्वस्थ तरीके से तथा स्वतंत्र परिस्थितियों में गरिमा के साथ विकास के लिये अवसर एवं सुविधाएं दी जाएं, तथा शोषण से बचपन एवं युवावस्था की रक्षा किए जाने का दायित्व राज्य को सुनिश्चित




किया जाना है। जिसके संबंध में राज्य द्वारा समय-समय पर बच्चों के संबंध में कानून में संशोधन किया जाता रहा है। मौलिक दायित्व संबंधी संविधान उल्लेख करता है कि भारत के प्रत्येक नागरिक जो माता-पिता अथवा अभिभावक का दायित्व है कि वह 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को शिक्षा के लिये अवसर प्रदान करें। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन 1986 में अधिसूचित खतरनाक क्षेत्रों में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। उदाहरण के लिये बीड़ी बनाना, सीमेंट कारखानों में सीमेंट बनाना, फटाखे या बारूद बनाना, एवं सिलाई जैसे खतरनाक क्षेत्रो में बाल श्रमिक नियोजित किये जाने पर दोषी नियोजक को सजा का प्रावधान है। बच्चों का किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2002 के संक्षिप्त जानकारी दी गई। श्री राजेश कुमार आदिले, सहायक श्रम आयुक्त कोरबा के द्वारा बाल श्रम के प्रावधानों को विधिवत् पालन कराए जाने के संबंध में अवगत कराते हुए कहा कहा कि 14 साल के नीचे के बच्चों को घातक कारखाने/प्लांटों में कार्य ना कराने तथा उन पर भी निगरानी बरती जाने के संबंध में अवगत कराया गया। श्री संदीप बिसेन के द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के अधिकारों, उनकी देखभाल व संरक्षण पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये, पालक को बच्चों पर विशेष ध्यान दिए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। महिला बाल विकास विभाग की हेल्पलाइन नंबर 1098 में आवश्यक परिस्थिति से निःशुल्क कॉल किए जाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। श्री फिरत राम साहू, वार्ड पार्षद के द्वारा बाल श्रम अंतर्गत मोहल्ले में पृथक से शिविर लगाए जाने के संबंध में पुनः विधिक जागरूकता शिविर लगाये जाने के संबंध में आग्रह किया गया है। श्रम विभाग अंतर्गत योजनाओं का क्रियान्वयन व आवश्यक प्रचार-प्रसार किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। मंच का संचालन श्रम निरीक्षक सुरेश कुर्रे द्वारा किया गया। उक्त अवसर श्रम निरीक्षण श्री बी.पी. साहू, पैरालीगल वॉलिंटियर्स श्रीमती विजय लक्ष्मी सोनी, नारायण कैवर्त एवं अहमद खान के द्वारा विधिक सेवा योजनाओं के संबंध में पम्पलेट का वितरण किया गया।

## समाचार संक्षेप

### नगर पंचायत उपाध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पार्षदों के बीच सरगर्मी शुरू

**कोरबा ।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद नगर पंचायत नए अध्यक्ष बनाए जाने तथा उपाध्यक्ष के खिलाफअविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर पार्षदों के बीच सरगर्मी शुरू हो गई है। 28 फरवरी को नगर पंचायत अध्यक्ष हटने के बाद नए अध्यक्ष, महिला पार्षद संकुतला तीरथ गोड को बनाए जाने के लिए दस पार्षदों के सहमति के साथ प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन को सौंपा था, पर एक पार्षद स्वयं अध्यक्ष बनने के लिए दावेदारी किए जाने व लोकसभा चुनाव के कारण नए अध्यक्ष बनाए जाना मामला अधर में लटक गया था। चुनाव संपन्न होने के बाद नए अध्यक्ष बनाने व उपाध्यक्ष को हटाने का मामला जोर पकडने लगा है। इस संबंध में पार्षद हीरालाल यादव ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने से पहले नगर पंचायत उपाध्यक्ष को हटाने के खिलाफ तीन पार्षद हीरालाल यादव , मधुराजकुमार अग्रवाल और रामशरण साहू के हस्ताक्षर युक्त अविश्वास प्रस्ताव तात्कालिक जिला दंडाधिकारी कोरबा को 21 जनवरी 2022 को ज्ञापन सौंपा गया था। परंतु पार्षद द्वारा प्रस्तुत किए गए अविश्वास प्रस्ताव पर जिला प्रशासन द्वारा अमल नहीं किए जाने पर पुनः छह पार्षदों के हस्ताक्षर युक्त अविश्वास प्रस्ताव ज्ञापन 24 फरवरी 2022 को दिया गया। इसके उपरांत जिला प्रशासन को उपाध्यक्ष के खिलाफ दिए अविश्वास प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर पांच बार स्मरण पत्र जिला प्रशासन को दिया गया। हीरालाल यादव ने बताया कि नगर पंचायत उपाध्यक्ष को पद से हटाने को लेकर पिछले तीन सालों से लगातार पार्षदों द्वारा आवेदन दिए जा रहे है। परंतु हर बार अविश्वास प्रस्ताव को नेताओं के दबाव में जिला प्रशासन ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है, इससे नाराज होकर पार्षद उच्च न्यायालय के शरण में जाने की तैयारी में जुट गए हैं।

### नशे में छहः युवकों ने महिला से किया सामूहिक दुष्कर्म, सभी आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत रहने वाली एक महिला के साथ छह युवकों ने सामूहिक रूप से दुष्कर्म किया। सभी युवक नशे की अवस्था में थे और आसपास के बस्ती के ही निवासी थे। मामले की शिकायत पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात घटना के वक्त 35 वर्षीय महिला का पति व उसका एक बच्चा किसी कार्य से बाहर गए थे और वह घर पर अकेली थी। सूनेपन का फायदा उठाते हुए आसपास क्षेत्र में रहने वाले छह युवक उसके घर में जबरदस्ती घुस गए और सामूहिक रूप से दुष्कर्म करने के बाद भाग गए। आरोपितों के भागने के बाद महिला किसी तरह थाना पहुंची और उसने आपबीती और आरोपितों की हैवानियत के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और आरोपितों की पतासाजी शुरू की। सभी युवक आसपास की ही बस्ती के थे, इसके साथ ही पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश देते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों में राजेश कुमार गोड, गुलशन गिदोडे, गुलशन नटराज, अजय खेरवार, गुड्डू साहू और संदीप यादव है। पूछताछ और उनके रिकार्ड से पता चला कि पकड़े गए आरोपित पहले भी कई केस में जेल जा चुकेहैं। जेल से छूटने के बाद पुनरू सभी आरोपित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं।

### कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में दिखा बायसन

**कोरबा ।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा रेंज में बायसन (जंगली भैंसा) देखे जाने के बाद वन विभाग सक्रिय हो गया है। माना जा रहा है कि इस वन्य जीव का आगमन अचानक मार क्षेत्र से हुआ होगा। जो पाली व चैतमा के जंगल होते हुए यहां पहुंचा होगा। इससे पहले पाली के जंगल में काफी दिन पहले बायसन को विचरण करते हुए देखा गया था। तब वन विभाग सक्रिय हुआ था। कुछ दिन यहा के जंगल में दिखाई देने के बाद जंगली भैंसा कही चला गया था। अब पुनरू दिखाए देने पर वन विभाग इसका पता लगाने के लिए सक्रिय हो गया है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम जटगा रेंज के जंगलो में गश्त के लिए निकली थी। टीम में शामिल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सिंघिया के 10 किलोमीटर आगे पहुंचे थे कि राजग्वालीन मंदिर के पास एनआर क्षेत्र में एक बायसन को विचरण करते हुए देखा और इसकी वीडियो व फोटोग्राफी करने के साथ ही उसे अपने कैमरे में कैदकर लिया।

# रिक्त पड़े प्राचार्य के पदों पर शीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की

**3266 शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पदोन्नति से पूर्णकालिक प्राचार्य की पदस्थापना से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में होगा समुचित सुधार , शिक्षा हित में प्राचार्य पदोन्नति का आदेश शीघ्र जारी करें - सतीश प्रकाश सिंह प्रदेश संयोजक**

**गरियाबंद** छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा÷ ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यरत हजारों नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की प्राचार्य पदोन्नति की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने कारगर पहल की हैं। प्रदेश में विगत 11 वर्षो से 3266 से अधिक शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्राचार्य के रिक्त पदों पर पात्रता रखने वाले नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला (स्नातकोत्तर प्रशिक्षित) की प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं हुई हैं। मुख्यमंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री से प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों से प्राचार्य पदोन्नति किए जाने की मांग ÷छत्तीसगढ़ प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा÷ के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह द्वारा की गई हैं । ÷छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के द्वारा व्याख्याता तथा प्रधान पाठक से प्राचार्य पदोन्नति किए जाने के लिए हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ से लेकर सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली तक न्याय के लिए गुहार लगाई गई। ÷छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा÷ ने मुख्यमंत्री,स्कूल शिक्षा मंत्री , स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय तथा विभागीय उच्चाधिकारियो से मुलाकात कर अनेकों बार ज्ञापन सौंप कर प्राचार्य पदोन्नति के लिए मांग की, किंतु सरकार के द्वारा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के समुचित सुधार के लिए बेहद जरूरी इस प्राचार्य पदोन्नति की मांग को तरजीह नहीं दी गई, नतीजा हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठक बिना प्राचार्य पदोन्नति के सेवानिवृत होते चले गए, अनेकों व्याख्याता तथा प्रधान पाठक प्राचार्य बनने का सपना लिए स्वर्ग सिधार गए। नतीजा प्रदेश के सैकड़ों शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल प्राचार्य विहीन रह गए , जहां प्रभारी के भरोसे काम चलाया जा रहा हैं। ÷छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा÷ के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रदेश में विधान सभा चुनाव तथा लोक सभा चुनाव के कारण प्राचार्य पदोन्नति का कार्य लंबित था, अब लोक सभा चुनाव संपन्न होने के बाद नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने से शिक्षा जगत में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर नई उम्मीद उत्पन्न हुई हैं। सतीश प्रकाश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी तथा स्कूल शिक्षा मंत्री जी से पूर्ण उम्मीद हैं कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में समुचित सुधार



के लिए तथा प्राचार्य विहीन समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पूर्णकालिक प्राचार्य की पदस्थापना के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएंगे। ÷छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा÷ के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री से मांग की हैं कि स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 11 वर्षो से रूकी हुई प्राचार्य पदोन्नति के लिए कारगर कदम उठाते हुए प्राचार्य पदोन्नति की समस्त विभागीय प्रक्रिया दो माह के भीतर पूर्ण की जाकर प्राचार्य पदोन्नति का आदेश अविलंब जारी करवाने विभागीय अधिकारियों को समुचित निर्देश जारी करें। सतीश प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री से मांग की हैं कि प्रदेश के 3266 से अधिक शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में रिक्त प्राचार्य के पदों को वर्षो से प्राचार्य पदोन्नति से वंचित प्रदेश के सभी पात्र व्याख्याता एवं प्रधान पाठकों से प्राचार्य पदोन्नति का आदेश अविलंब जारी करें , ताकि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में समुचित सुधार हो सकें। स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 11 वर्षो से प्राचार्य पदोन्नति नहीं होने के कारण 3266 से अधिक शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल प्राचार्य विहीन हैं, जहां प्रभारियों के भरोसे काम चलाया जा रहा हैं। प्रदेश के 3266 से अधिक स्कूलों में पूर्णकालिक प्राचार्य के नहीं होने से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था तथा शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही हैं। प्रदेश के स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में पूर्णकालिक प्राचार्य की इतनी बड़ी रिक्तता सवालिया निशान खड़ा करती हैं।

#### छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा

प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने कि मुख्यमंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री से मांग की हैं कि राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत ÷टी÷ संवर्ग में वर्ष 2013 से तथा ÷ई÷ संवर्ग में वर्ष 2016 के बाद से हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं की गईं हैं । राज्य में 3266 से अधिक शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में वर्षों से प्राचार्य के पद रिक्त पड़े हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में 11 वर्षो से प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं होने से ÷टी÷ तथा ÷ई÷ संवर्ग के सैकड़ों व्याख्याता तथा प्रधान पाठक सेवानिवृत्त हो गए हैं। प्राचार्य पद पर पदोन्नति का रास्ता देखते-देखते अनेकों व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की मृत्यु हो गईं हैं। प्रत्येक माह लगातार अनेक वरिष्ठ व्याख्याता और प्रधान पाठक माध्यमिक शाला प्राचार्य पदोन्नति का रास्ता देखते- देखते सेवानिवृत होते जा रहे हैं। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री से मांग की हैं कि प्रदेश में विगत कई वर्षों से बाधित रही प्राचार्य पदोन्नति की विभागीय प्रकिया को दो माह के भीतर पूर्ण कर 3266 से अधिक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य के रिक्त सभी पदों पर पात्रता रखने वाले व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों से प्राचार्य पदोन्नति का आदेश अविलंब जारी करने की माँग की गई हैं। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने कहा कि प्राचार्य पद पर पदोन्नति देने से शासन को कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आयेगा , क्योंकि पदोन्नति प्राप्त करने वाले सभी व्याख्याता तथा प्रधान पाठक वर्तमान में प्राचार्य पद का ही वेतन और पे स्केल प्राप्त कर रहें हैं। प्रदेश के इन व्याख्याता और प्रधान पाठकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिलने से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में समुचित सुधार आएगा।

# कलेक्टर ने सिम्स अस्पताल का किया निरीक्षण

**बिलासपुर ।** कलेक्टर अवनीश शरण ने आज सिम्स अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने पिछले लगभग दो-तीन माह में हुए निर्माण एवं सुधार कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने बचे हुए कार्यों की गति में तेजी लाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिम्स के बदले हालात के बारे में मरीजों एवं उनके परिजनों से भी अनुभव साझा किए। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, अधीक्षक डॉ. सुजीत नायक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सबसे पहले नए बनाए जा रहे ट्राइएज एरिया (आपातकालीन सेवा कक्ष) का निरीक्षण किया और ट्राइएज सेवाओं को शुरू करने के लिए लंबित विभिन्न मुद्दों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को काम में तेजी लाने का



निर्देश दिया और मरीजों के लाभ के लिए एमजीपीएस (डमकपबंस हें चपचमसपदमे लेजमउ) के लिए वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने मेडिसिन वार्ड, मेडिकल रजिस्ट्रेशन विभाग में भीषण तापमान की स्थिति को लेकर व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन बनाने एवं विश्राम के लिए बनाये गये अटेंडेंट शेड का भी अवलोकन किया। उन्होंने कुछ परिजनों से परिजन शेड की उपयोगिता के संबंध में बातचीत की। उन्होंने अस्पताल के रैंप के पास 2 नई लिफ्टों की स्थापना के संबंध में भी अपडेट जानकारी ली। उन्होंने उद्यान में चल रहे सौंदर्यीकरण को भी देखा और कुछ सुझाव दिए। उन्होंने एचओडी रेडियोडायग्नोसिस और चिकित्सा अधीक्षक सिम्स के साथ बैठक की। उन्होंने सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे मशीन और रखरखाव के मुद्दों के बारे में जानकारी ली।

# कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**बिलासपुर ।** कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने आज मैराथन बैठक लेकर शासकीय भवनों, सड़कों आदि निर्माण कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। सभी कार्यो को तय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश संबंधित निर्माण एजेंसियों को दिए है। जल जीवन मिशन के कामों में धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने ढिलाई बरतने वाले ठेकेदारों को तलब किया है। उन्होंने निर्माण कार्यो की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा है कि इसमें किसी प्रकार की कोताही कतई बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में लोक निर्माण विभाग,






ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, राष्ट्रीय राजमार्ग, एडीबी, पीएमजीएसवाई और नगरीय निकायों में संचालित निर्माण कार्यो की गहन समीक्षा की गई।कलेक्टर ने नगर निगम को निर्देश दिए कि बारिश के पहले सभी नालों की साफ-सफाई अनिवार्य रूप से कर ली जाए ताकि जल भराव की स्थिति निर्मित नहो। उन्होंने बीटी के चल रहे कामों को जल्द पूरा करने कहा। कलेक्टर ने विभागवार एक-एक प्रगतिरत कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि जमीन विवाद के कारण किसी कार्य में विलंब हो रहा है तो इसकी जानकारी दे ताकि टीएल बैठक में इसका निराकरण किया जा सके। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पीव्हीटीजी बैगा बहुल इलाकों में बसाहटों को जोड़ने के लिए प्राथमिकता से काम करने कहा हे। कलेक्टर ने कहा कि ईई से लेकर सब इंजीनियर तक सभी लगातार फील्ड का दौरा कर कामों की गुणवत्ता मॉनिटर करें। इसमें लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच कही समन्वय में दिक्कत आ रही है तो तत्काल इसकी जानकारी दे ताकि इसका निराकरण किया जा सके। निर्माण कार्यो को समय-सीमा के भीतर पूरा होना जरूरी है ताकि लोगों को समय पर इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों और प्रक्रियाओं का पालन करने के निर्देश दिए जिससे कामों की गति और गुणवत्ता बरकार रखने कहा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री आरपी चौहान, संयुक्त कलेक्टर श्री मनीष साहू, सभी जोन कमिश्नर, सभी निर्माण एजेंसियों के कार्यपालन अभियंता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बिलासपुर में स्वास्थ्य जागरूकता जनचेतन 2024 कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर ।** रेलवे कर्मचारियों में स्वास्थ्य जागरूकता व चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने में उन्हे सक्षम बनाने की दिशा में बेहतर प्रयास के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के केन्द्रीय स्टाफ बेनिफिट फण्ड एवं चिकित्सा विभाग बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनाँक 14 जून 2024 को ''जन चेतन 2024'' कार्यक्रम का आयोजन रेलवे ऑडिटोरियम न्यू रेल क्लब बिलासपुर में किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रवीण पाण्डेय थे 7 इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री योगेश कुमार देवांगन, सीपीएम श्री एम के सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी



जमकियार, एसीएमएस डॉ. सुमित प्रकाश, चिकित्सकगण, अधिकारीगण के अलावा भारी संख्या में रेलकर्मचारी व उनके परिवारजन उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के पश्चात दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई । इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि किसी भी संस्था के लिए मानव संसाधन महत्वपूर्ण कड़ी होती है 7 हम चाहते हैं कि हमारे स्टाफ शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहे व तनावमुक्त होकर कार्य करें और इसी उद्देश्य से इस जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई 7 इस कार्यक्रम के आयोजन की तारीफ करते हुये कहा कि इस आयोजन से हम सभी को स्वस्थ रहने के साथ ही तनाव व अन्य चुनौतियों से निजात पाने में मदद मिलेगी इसके पश्चात रेलवे के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं आमंत्रित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य एवं कल्याण तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना कैसे करें विषय पर क्रमवार व्याख्यान दिया गया । सर्वप्रथम श्री प्रशांत पाण्डेय, साइकोलोजिस्ट जिला मानसिक चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर द्वारा तनाव उत्पन्न करने वाले विभिन्न कारकों को गेम के माध्यम से प्रायोगिक रूप से बताते हुये तनाव से निपटने के अनेक प्रभावी तरीके बताए गए । डॉ. मनोज कुमार राय, (फिजीशियन) कंसल्टेंट अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर द्वारा मौसमी अभिशाप से होने वाले रोग जैसे दस्त एवं हीट स्ट्रोक के कारणों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये इनसे बचने के अनेक महत्वपूर्ण उपायों के बारे में बताया गया । उन्होने हीट स्ट्रोक से बचने के लिए शरीर को हाइड्रेट रखने हेतु अधिक मात्रा में पानी या तरल पदार्थ पीने, ओआरएस घोल का प्रयोग करने, नारियल पानी, जूस, लस्सी आदि का भरपूर सेवन करने की सलाह भी दी । दक्षिण पूर्व रेलवे के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. श्री वाई के यादव एवं डॉ सुमित प्रकाश अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा शिफ्ट में काम करने वालों को नींद से होने वाली समस्या और अन्य सामान्य परेशानियों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाते हुये, इससे निपटने के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया । उन्होने जीवनशैली और खान-पान की आदतों में सुधार कर व पर्याप्त मात्रा में नींद लेने की सलाह दी । बिलासपुर आयुर्वेद कालेज के सहा. प्रोफेसर डॉ. विवेक दुबे द्वारा आयुर्वेद के माध्यम से रोगों की रोकथाम तथा प्रतिरक्षा तंत्र को बढाने के उपाय बताए गए 7 उन्होंने रोगों की रोकथाम और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के विकास के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों, फलों और सलाद के सेवन करने पर विशेष जोर दिया।

# नेशनल लोक अदालत की जोर शोर से चल रही तैयारी




**बिलासपुर ।** आगामी 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में चेक बाउंस तथा धन वसूली के प्रकरणों को समझौते के आधार पर निराकरण करने के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती नीता यादव की निर्देश पर जिला न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आज प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में बैंक एवं फायनेंस कम्पनियों के अधिकारियों एवं पैनल अधिवक्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बैंक एवं फायनेंस कम्पनियों के अधिकारियों को न्यायालय में लंबित चेक बाउंस से संबंधित मामलों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आपसी समझौते के आधार पर निराकृत किये जाने के संबंध में चर्चा की गई। बैंक एवं फायनेंस कम्पनियों के अधिकारियों को यह भी अवगत कराया गया कि जिन मामलों में बकायादारों से धन वसूली से संबंधित प्रकरण न्यायालय के समक्ष संस्थित नहीं किया गया है, उन मामलों को प्री लिटिगेशन के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त छोटी रकम से संबंधित चेक बाउंस के प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर आगामी नेशनल लोक अदालत में निराकरण हेतु रखे जाने का निर्देश दिया गया। बैंक एवं फायनेंस कम्पनियों के अधिकारियों एवं पैनल अधिवक्ताओं को यह भी निर्देशित किया गया कि जिन मामलों को नेशनल लोक अदालत हेतु चिन्हांकित किया गया है, उन मामलों में समझौते की शर्तें तैयार कर यथाशीघ्र संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाये ताकि संबंधित पक्षकार को लोक अदालत की प्री सीटिंग के दौरान समझौते की शर्तों से अवगत कराया जा सके। बैठक में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश किरण त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जसविन्दर कौर अजमानी, संजूलता देवांगन, शंकर कश्यप के अलावा एसबीआई, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कैनरा बैंक, पीएनबी, ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक, चोला मण्डलम फायनेंस, श्रीराम फायनेंस के अधिकारी एवं पैनल अधिवक्ता उपस्थित थे।

# 18 से वार्डों में लगाए जाएंगे राजस्व वसूली शिविर

**31 जुलाई तक बकाया कर राशि जमा करने पर सम्पत्तिकर में मिलेगा 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ**

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, 05 प्रतिशत जलकर, यूजर चार्जेज, जलकर एवं दुकान किराया आदि की वसूली हेतु निगम क्षेत्र के वार्डो में निर्धारित तिथियों व स्थलों पर राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 18 जून से क्रमशः वार्डो में शिविर आयोजित होंगे, करदाता इन शिविरों में पहुंचकर करों की बकाया राशि जमा करा सकते हैं। साथ ही वे स्वविवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में 31 जुलाई 2024 तक राशि जमा करते हुए सम्पत्तिकर में 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

निगम द्वारा करदाताओं से कहा गया है कि निगम के देय करों के भुगतान का दायित्व करदाता के स्वयं का है, अतएव करदाताओं से आग्रह है कि वे अपना कर स्व-विवरणी भरकर आवश्यक रूप से बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराएं। विशेषकर नये भवन, मकान तथा अन्य सम्पत्तियॉं, जिनमें सम्पत्तिकर, स्वनिर्धारण अभी तक नया किया गया है, वे अनिवार्य रूप से स्व-विवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में जमा कराएं। निगम के संपदा अधिकारी एवं कर वसूली प्रभारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि 18 जून से निगम क्षेत्र के वार्डो में निर्धारित तिथि व स्थलों पर राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि करदाता निगम को देय बकाया करों व दुकान किराए आदि की राशि सुगमता के साथ जमा कर सकें। शिविरों के आयोजन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 जून को वार्ड क्र. 01 दलिया गोदाम रामसागरपारा, वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 23 आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 02 कृष्णानगर, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 अमरसिंह होटल के पास मंच, वार्ड क्र. 43 कलमीडुग्गू सामुदायिक भवन व वार्ड क्र. 54 दशहरा मैदान सर्वमंगलानगर में शिविर आयोजित होंगे। 19 जून को वार्ड क्र. 01 दुर्गा चैक पटेलपारा, वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 23 आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 02 कृष्णानगर, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 अमरसिंह होटल के पास मंच, वार्ड क्र. 43 जय भगवान गली दर्री व वार्ड क्र. 54 दशहरा मैदान सर्वमंगलानगर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 20 जून को वार्ड क्र. 04 ब्राम्हण मोहल्ला, वार्ड क्र. 03 सामुदायिक भवन राताखार, वार्ड क्र. 24 दुर्गा पण्डाल एम.पी.नगर, वार्ड क्र. 18 बजरंग चैक पथर्रीपारा, वार्ड क्र. 35 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 44 प्रेमनगर आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 56 पंखादफाई में शिविर लगेंगे। इसी प्रकार 21 जून को वार्ड क्र. 04 प्रताप चैक, वार्ड क्र. 03 सामुदायिक भवन राताखार, वार्ड क्र. 24 दुर्गा पण्डाल एम.पी.नगर, वार्ड क्र. 18 चेकपोस्ट, वार्ड क्र. 35 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 45 स्याहीमुड़ी सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 56 शांतिनगर बाजार में शिविर आयोजित होंगे। 22 जून को वार्ड क्र. 05 सिंधी गुरूद्वारा, वार्ड क्र. 13 पन्द्रह ब्लाक गणेश पण्डाल, वार्ड क्र. 25 कुंआभट्ठा, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क्र. 36 बरगद चैक सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी उरांव मोहल्ला, वार्ड क्र. 57 आनंदनगर सामुदायिक भवन में शिविर लगाए जाएंगे। 24 जून को वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती भण्डारी चैक, वार्ड क्र. 13 स्टेडियम जोन कार्यालय, वार्ड क्र. 25 कुंआभट्ठा, वार्ड क्र. 20 कांशीनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क्र. 36 सामुदायिक भवन इंदिरा मार्केट, वार्ड क्र. 46 पावरसिटी रोड पण्डाल अयोध्यापुरी, वार्ड क्र. 58 इमलीछापर चैक में शिविर लगाए जाएंगे। 25 जून को वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा सामुदायिक भवन गोकुलगंज, वार्ड क्र. 14 सार्वजनिक मंच पम्प हाउस, वार्ड क्र. 25 कुंआभट्ठा, वार्ड क्र. 21 गणेश पण्डाल बुधवारी, वार्ड क्र. 37 गणेशनगर, वार्ड क्र. 47 जमनीपाली चैक के समीप बीच बस्ती, वार्ड क्र. 59 वैशालीनगर में शिविर लगेंगे। इसी प्रकार 26 जून को वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू कुम्हार मोहल्ला, वार्ड क्र. 14 सार्वजनिक मंच पम्प हाउस, वार्ड क्र. 26 गणेश पण्डाल मुड़ापार, वार्ड क्र. 21 गणेश पण्डाल बुधवारी, वार्ड क्र. 39 कैलाशनगर सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 47 गोपालपुर सारथी मोहल्ला, वार्ड क्र. 59 विद्यानगर में शिविर लगेंगे। 27 जून को वार्ड क्र. 09 सामुदायिक भवन भिलाईखुर्द, वार्ड क्र. 15 सांस्कृतिक भवन ढोढ़ीपारा, वार्ड क्र. 26 गणेश पण्डाल मुड़ापार, वार्ड क्र. 22 शिवाजीनगर दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 39 कैलाशनगर सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 48 इंदिरानगर सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे। इसी प्रकार 28 जून को वार्ड क्र. 10 रमेश गली, वार्ड क्र. 15 सांस्कृतिक भवन ढोढ़ीपारा, वार्ड क्र. 26 गणेश पण्डाल मुड़ापार, वार्ड क्र. 28 दुर्गा पण्डाल फेस-'01 आर.पी.नगर, वार्ड क्र. 40 दुर्गा पण्डाल पार्षद घर के पास, वार्ड क्र. 48 इंदिरानगर सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे। 29 जून को वार्ड क्र. 10 बजरंग टाकिज के पास, वार्ड क्र. 16 सामुदायिक भवन चारपारा, वार्ड क्र. 27 नवधा पण्डाल रामनगर, वार्ड क्र. 29 प्राथमिक शाला पोड़ीबहार, वार्ड क्र. 40 दुर्गा पण्डाल पार्षद घर के पास, वार्ड क्र. 51 कबीर भवन दर्री में शिविर लगेंगे। 01 जुलाई को वार्ड क्र. 11 आग्रोहा चैक मेन रोड, वार्ड क्र. 16 सामुदायिक भवन चारपारा, वार्ड क्र. 27 नवधा पण्डाल रामनगर, वार्ड क्र. 29 प्राथमिक शाला पोड़ीबहार, वार्ड क्र. 41 कांजीहाउस परसाभांठा, वार्ड क्र. 51 लाटा स्कूल के पास शिविर लगेंगे। 02 जुलाई को वार्ड क्र. 11 लक्ष्मणवन तालाब, वार्ड क्र. 27 नवधा पण्डाल रामनगर, वार्ड क्र. 31 खरमोरा नीम चैक सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 41 कांजीहाउस परसाभांठा, वार्ड क्र. 52 नगोईखार सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे।

संगठन चाहे राजनीतिक हो,सामाजित हो,वह अच्छा काम करने के लिए बनाए जाते हैं।समाज सेवा, देश सेवा की बड़ी बड़ी बातें करते हैं। इसी आधार पर अपने संगठन से जनता को जोड़ते हैं। कई संगठनों? से जनता जुड़ जाती है, वह सोचती है कि यह संगठन तो अचछा काम करने वाला है। यह तो समाज के हित में काम करने वाला संगठन है।यह कोई बैठक आयोजित करता है या कहीं पर किसी घटना के विरोध में प्रदर्शन का आयोजन करता है तो यह समाज के लिए ही तो करता है, यह हमारे लिए ही तो करता है, इसलिए कोई सामाजिक संगठन जब कोई बैठक बुलाता है, प्रदर्शन का आयोजन करते हैं तो समाज के लोग उसमें समाज का काम है सोच कर शामिल हो जाते हैं।बलौदाबाजार में हुई तोड़फोड़ व आगजनी की जांच के दौरान खुलासा हुआ है कि प्रदर्शन के लिए लोगों की भीड़ यह कहकर नहीं जुटाई गई कि बलौदाबाजार में प्रदर्शन करना है, यह भी नहीं बताया गया कि योजना कलेक्टर व एसपी आफिस में तोड़फोड़ व आगजनी करने की है। ऐसा पता होता तो बहुत सारे लोग तो आते नहीं क्योंकि आम लोग तो हमेशा तोड़फोड़ व आगजनी के खिलाफहोते हैं,वह जानते हैं कि यह गलत बात है,यह तो एक तरह से अपराध है। सामान्य आदमी अपराध करने से डरता है। अपने संगठन के आयोजन के लिए भीड़ जुटाने वाले भी जानते हैं कि वह अपने आयोजन के नाम पर बुलाएंगे तो जनता आएगी नहीं, इसलिए वह समाज का सहारा लेते हैं। समाज के लिए उन्हें बुलाते है?. बलौदाबाजार में भीड़ जुटाने के लिए गांव गाव में मुनादी कराई गई, पंपलेट बंटवाया गया, और सामाजित बैठक के नाम पर बुलाया गया। समाज की बैठक के नाम पर बडी भीड़ बलौदाबाजार में जुटा ली गई। आगजनी व तोड़फोड़ करनेव वालों ने तो अपनी तैयारी पूरी कर ली ती, उन्हें तो बस भीड़ की आड़ की जरूरत थी। जनता व भीड़ का उपोयग अपने गलत काम के लिए करने वाले लोग जानते हैं कि भीड़ को उकसाना बहुत आसान होता है, एक बार भीड़ भड़क गई तो जो माहौल बनता है, उसमें तोढ़फोड़ व आगजनी करने वालों के लिए अपना काम करना बहुत आसान होता है। बलौदाबाजार में आगजनी व तोड़फोड़ करने वाले लोग तो संख्या में कम होंगे लेकिन उन्होंने बलौदाबाजार जिले की जनता का अपने गलत काम के लिए उपयोग कर लिया है।बलौदाबाजार की जनता तो यह पता नहीं था कि कुछ लोग उनका उपयोग कर रहे हैं और इसका खामियाजा उनको बाद में भुगतना पड़ेगा।अब जब बलौदाबाजार में इतनी बड़ी घटना हो गई

## जनता का उपयोग भी कर लेते हैं कुछ लोग

तो स्वाभाविक है कि इसकी बड़े पैमानं पर जांच होगी। बड़े पैमाने पर लोगों से पूछताछ होगी, बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। बहुत लोग तो ऐसे होंगे जो भीड़ में शामिल होंगे लेकिन उन्होंने कुछ किया न हो। सीसीटीवी में उनकी फोटो है तो पुलिस उनसे भी पूछताछ कर सकती है,उनको भी गिरफ्तार कर सकती है। पुलिस व जांच एजेंसी के लिए तो इतना ही काफी होता है कि जो भी भीड़ में शामिल है,उसने गलत किया है या कुछ गलत करने के लिए भीड़ में आया हो। भीड़ में शामिल आदमी कितना भी कहे कि उसने कुछ नहीं किया है. पुलिस उसकी बात यकीन तो करने से रही। इसका परिणाम तो यही होना है कि बलौदाबाजार में तोढ़फोड़करने वाले तो अपना काम कर कहीं आराम से हैं और बलौदाबाजार की जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अब तक बलौदाबाजार मामले में 100 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, बहुत सारे लोग जेल भेजे जा चुके हैं। कुछ संगठनों ने बलौदाबाजार के एक समाज के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। समाज प्रमुख तो कह चुके हैं कि बलौदाबाजार में जो कुछ हुआ है वह असामाजिक तत्वो ने किया है। अब राजनीतिक दल बलौदाबाजार की घटना का राजनीतिक लाभ उठाने सामने आएंगे। एक राजनीतिक दल के नेता अब कह रहे हैं कि प्रशासन को बलौदाबाजार मामले में जांच करते समय, लोगों की गिरफ़्तारी करते समय समाज के लोगों व दंगाइयों मे फर्क करना चाहिए। कुछ दिन बाद राजनीतिक दल के नेता कहेंगे कि हम बलौदाबाजार में तोड़ेफोड़ व आगजनी करने वालों का समर्थन नहीं कर रहे हैं लेकिन पुलिस को निर्दोष लोगों को गिरफ्तार नहीं करना चाहिए।वह समाज के लोगों को बता रही हैकि हम तो तुम्हारे साथ है,तुम्हारे साथ गलत हुआ है तो हम उसका विरोध करेंगे। साथ ही वह समाज को यह भी बता देंगे कि तुम्हें परेशान कौन कर रहा है,तुमको उसका विरोध करना चाहिए।इस तरह एक संगठन व कुछ संगटन किसी समाज का उपयोग अपने राजनीतिक हित के लिए कर भी लेते है और सरकार के खिलाफ उसे खड़ा भी कर देते हैं। राजनीतिक दल किसी सरकार को बदनाम करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उनके लिए दंगा प्रायोतत करवाना आसान होता है तो बलौदाबाजार में तोडफोड़ व आगजनी कौन सी बड़ी बात है। वह समाज के लोग हों या जिले के लोग हों, गांवों के लोग हों, उनको समझने की जरूरत है कहीं कोई उनका उपयोग अपने राजनीतिक फायदे के लिए तो नही कर रहा है, जिसका खाामियाजा उन्हें बाद में महज इसलिए भुगतना पड़ेगा कि वह किसी के बुलावे पर किसी कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

राजनीति

कमलेश पांडे

# क्या आरएसएस और भाजपा के बीच व्याप्त मतभेदों का सिलसिला कभी थमेगा?

यहां संघ को यह सोचना होगा कि आखिर बाजपेयी से लेकर मोदी तक के सत्ता में आते ही उनसे खटपट क्यों हो जाती है? आखिर वह कौन सा यक्ष प्रश्न होता है, जिसके समक्ष घुटने टेकने से भारतीय प्रधानमंत्री इंकार कर देते हैं, जहां से कलह की शुरूआत होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के मतभेद अब खुलकर सामने आ चुके हैं। यह स्थिति दोनों के लिए सामाजिक और राजनीतिक रूप से हानिकारक साबित होगी, जिसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव 2024 से हो चुकी है। इस बदलती परिस्थिति के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है और कितना जिम्मेदार है, यह पड़ताल करने का काम दोनों संगठनों के प्रमुखों का है, लेकिन अब तो इन दोनों के बीच ही तलवारें खींच चुकी हैं। मसलन, पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चुनावी भूमिका को लेकर जो कुछ टिप्पणी की, और अब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर में भाजपा की अदूरदर्शी भूमिका को लेकर जो कुछ इशारे किये हैं, उससे जाहिर होता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसका राजनीतिक मुखौटा समझी जाने वाली भारतीय जनता पार्टी के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। यह हिंदुत्व और राष्ट्रवाद जैसी विचारधारा के लिए संकटापन्न स्थिति है, जिसका सम्यक हल निकट भविष्य में निकलेगा, ऐसा मुझे नहीं लगता। क्योंकि देश के दोनों प्रमुख संगठन सत्ता सुख की मृगमरीचिका में भटकते हुए इतना आगे निकल चुके हैं कि वापस लौटना अब उनके बस की बात नहीं! यहां संघ को यह सोचना होगा कि आखिर बाजपेयी से लेकर मोदी तक के सत्ता में आते ही उनसे खटपट क्यों हो जाती है? आखिर वह कौन सा यक्ष प्रश्न होता है, जिसके समक्ष घुटने टेकने से भारतीय प्रधानमंत्री इंकार कर देते हैं, जहां से कलह की शुरूआत होती है। पुरानी बातें यदि भुला भी दी जाए तो संघ प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयानों से दोनों के बीच बढ़ती दूरी भी साफ दिखी है। क्योंकि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संकेत में ही भाजपा को नसीहत भी दी है और सरकार के कामकाज के तरीकों से लेकर और संगठन में मची आपाधापी तक पर परोक्ष रूप से नाराजगी भी दिखाई है। हालांकि समझदार व्यक्ति होने के चलते उन्होंने खुलकर कुछ भी नहीं कहा है, इसलिए दोनों ही पक्ष इस मुद्दे पर ज्यादा नहीं बोल रहे हैं। लेकिन जिन्हें इनका तल्ख अतीत और स्वार्थी रवैया मालूम है, वो ह से हलन्त तक समझ जाते हैं। यह कौन नहीं जानता कि लोकसभा चुनाव 2024 में नतीजे यदि भाजपा की उम्मीद के विपरीत आए हैं, तो इसके पीछे कहीं न कहीं संघ के स्वयंसेवकों का उदासीन रवैया भी जिम्मेदार है। यही वजह है कि अब भाजपा और संघ के बीच स्पष्ट रूप से मतभेद उभरते दिखाई दे रहे हैं। जानकारों की मानें तो आमतौर पर चुनावी प्रक्रिया के दौरान भाजपा और संघ के बीच जिस तरह का समन्वय और सामंजस्य होता था, वह इस बार दिखाई नहीं दिया। आखिर ऐसा क्यों? वहीं, भाजपा और संघ के बीच अक्सर होने वाली उच्च स्तरीय समन्वय बैठकें भी काफी समय से नहीं हुई हैं। स्वाभाविक सवाल है कि आखिर ये बैठकें तय वक्त पर क्यों नहीं हुईं। क्या इसके पीछे एक दूसरे को सबक सिखाने की मंशा रही है, जो 2004 के बाद 2024 में भी साफ दिखी। अंतर सिर्फ इतना कि तब 'कुलीन' मिजाज वाले प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी एक ही झटके में धराशायी हो गए। जबकि आज 'कुटिल' मिजाज वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धराशायी होते-होते बच गए। स्वाभाविक है कि इसकी अनुगूंज अगले 5 सालों तक सुनाई पड़ती रहेगी। कहना न होगा कि इन सब बातों के बीच संघ को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का बयान भी काफी चर्चित रहा है, जिससे भी संघ के भीतर नाराजगी साफ दिखाई दी है। यही वजह है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत के हाल में एक बयान को लेकर दोनों के बीच के रिश्तों को लेकर कई तरह के अर्थ लगाए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की चुनाव के दौरान संघ को लेकर की गई टिप्पणी से भी दोनों पक्षों के रिश्तों में कड़वाहट आई है, जिसका असर मतदान के आखिरी तीन चरणों में दिखाई दिया।

वहीं, अंदरूनी स्तर पर इस बात की काफी चर्चा है कि आखिर के तीन चरणों में संघ ने उतना मन लगाकर काम नहीं किया, जितना कि वह पहले कर रहा था। स्वाभाविक है कि इसका असर मतदान पर भी पड़ा है। हालांकि संघ ने इस तरह की अटकलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, और भाजपा भी इससे पूरी तरह से सहमत नहीं है। फिर भी आलम यह है कि मोहन भागवत के बयान के बाद भले ही दोनों पक्ष ज्यादा कुछ नहीं बोल रहे हैं, लेकिन अंदरूनी तौर पर चर्चा में यह दिखता है कि दोनों के बीच अब सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। खास बात यह कि इस बारे में संघ के भीतर भी अलग-अलग राय दिखती है। सीधा सवाल है कि क्या यह स्थिति खुद संघ के लिए सही है। जवाब होगा, कतई नहीं! जानकारों के मुताबिक, संघ ने जिन मुद्दों पर नाराजगी जताई है, उनमें भाजपा व संघ के बीच समन्वय की कमी है। सवाल है कि दोनों के बीच समन्वय बैठकें बेहद कम होने के लिए कौन जिम्मेदार है, इसका निर्धारण कौन करेगा। वहीं, विभिन्न उम्मीदवारों को लेकर संघ की सलाह को नजरअंदाज करने के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या उसे यह स्पष्ट नहीं करना चाहिए कि अपने मातृ संगठन के सलाह व सूझाव को विनम्रता पूर्वक टालने का भी एक अपना तरीका होता है, ताकि वह किसी को नागवार नहीं गुजरे। लेकिन यहां तो प्रथमदृष्टया यही प्रतीत हो रहा है कि भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा ने न केवल संघ की भावनाओं की अनदेखी की, बल्कि अपने तल्ख बयानों से उल्टे संघ को ही आईना दिखाने की कोशिश की, जो संघ प्रमुख मोहन भागवत को नागवार गुजरी। इसलिए उन्होंने भी नहले पर दहला की तर्ज पर सरकार बनते ही उसे आईना दिखा दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक, संघ ने कृपा शंकर सिंह समेत लगभग दो दर्जन नामों पर आपत्ति जताई थी। इसके पहले वह आर के सिंह पर आपत्ति जता चुका था, हालांकि वह तब चुनाव जीत गए थे। इसके अलावा, दूसरे दलों से और इधर-उधर से बेलगाम तरीके से लोगों को भाजपा में शामिल करना, जिससे भाजपा कॉडर और पुराने कार्यकर्ताओं में उपेक्षा का भाव पैदा हुआ, क्योंकि उनको तरजीह न मिली। इसके अलावा, चुनाव अभियान में कमी के भी कई मुद्दे शामिल रहे। समझा जाता है कि इन्हीं वजहों से 2014 और 2019 के उलट 2024 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत से 32 सीटें कम मिलीं, जिससे वह एनडीए के सहयोगी दलों की बैशाखी पर टिकने को अभिशप्त हो गई। बता दें कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 10 जून 2024 दिन सोमवार को मणिपुर की हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा था कि वहां पर एक साल से अशांति है। राज्य में पिछले 10 साल की शांति भंग हुई है। इसलिए भागवत ने नेताओं को अहंकार न पालने और काम करने की नसीहत भी दी थी। वहीं, उन्होंने परोक्ष रूप से विपक्ष के रवैये पर भी सवाल खड़े किए थे, लेकिन कुछ बयानों को भाजपा से जोड़कर देखा गया। हालांकि, संघ का कहना है कि सामाजिक जीवन में काम कर रहे संघ की यह सामान्य प्रक्रिया है और इसे किसी राजनीतिक दल से जोड़ना उचित नहीं है। इसलिए सवाल तो यह भी पैदा हो रहा है कि भारतीय राजनीति में एक बार फिर से क्षेत्रीय दलों के मजबूत होने से संघ के समीकरण गड़बड़ा चुके हैं, जिसको वह अपनी तल्ख बयानबाजी से दुरुस्त करने की कोशिश कर रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस से जुड़ी पत्रिका 'ऑर्गनाइजर' ने दो टूक कहा है कि लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा के अति आत्मविश्वासी कार्यकर्ताओं और कई नेताओं का सच से सामना कराने वाले हैं। वजह यह कि भाजपा नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभामंडल के आनंद में डूबे रह गए और उन्होंने आमजन की आवाज को अनदेखा कर दिया, जिसका परिणाम सामने है। अब तो संघ यहां तक स्वीकार कर चुका है कि आरएसएस भले ही भाजपा की जमीनी ताकत न हो, लेकिन पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनावी कार्य में सहयोग मांगने के लिए स्वयंसेवकों से संपर्क तक नहीं किया। इतना ही नहीं, चुनाव परिणामों में उन पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी स्पष्ट है, जिन्होंने बगैर किसी लालसा के काम किया। इनके स्थान पर इंटरनेट मीडिया तथा सेल्फी संस्कृति से सामने आए कार्यकर्ताओं को महत्व दिया गया। जिसका साइड इफेक्ट अब जगजाहिर हो चुका है। आरएसएस के आजीवन सदस्य रतन शारदा ने तो यहां तक कह दिया है कि 2024 के आम चुनाव के परिणाम अति आत्मविश्वास से भरे भाजपा कार्यकर्ताओं और कई नेताओं के लिए सच्चाई का सामना कराने वाले हैं। क्योंकि उन्हें इस बात का एहसास तक नहीं था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 से अधिक सीटों का आह्वान उनके लिए एक लक्ष्य था और विपक्ष के लिए एक बड़ी चुनौती थी। यह बात दीगर है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में 240 सीटों के साथ बहुमत से दूर रह गई। लेकिन उसके नेतृत्व वाले राजग को 293 सीटें मिली हैं और उसने केंद्र में सरकार बनाई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनावी जीत इंटरनेट मीडिया पर पोस्टर और सेल्फी साझा करने से नहीं, बल्कि मैदान पर कड़ी मेहनत से हासिल किए जाते हैं।

## राशिफल

मेष राशि :आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। मार्केट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं, तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें। इससे आपको फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लंबे समय के बाद खुद को तरो-ताजा महसूस करेंगे। दूसरों का सहयोग करने से आज सबके बीच आपकी अच्छी छवि बनी रहेगी। जो छात्र कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए तैयारी कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारियां पूरी कर लेंगे, शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको ऑउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि के जो लोग स्टेशनरी का बिजनेस करते हैं, उनके लिए दिन ज्यादा लाभकारी रहेगा। आपको काम में ज्यादा तरक्की मिलेगी। पुराने दोस्त से मुलाकात होने के भी संकेत बन रहे हैं, उनके साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। साथ ही उनका व्यवहार आपको सुकून देने वाला रहेगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। ऑफिस में आपको किसी बड़े आधिकारी या सहकर्मी का सहयोग मिल सकता है। आज बैंकों से जुड़े कामों का निपटारा करने के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सब लोगों का सहयोग मिलेगा। इनकम के लिहाज से आज का दिन बहुत अच्छा है। आज कार्यक्षेत्र में विस्तार संबंधी कार्यों पर विचार होगा और आपके काम करने का जोश और जज्बा गजब का रहेगा। आज कारोबार से जुड़े महत्वपूर्ण कामों को समय पर निपटाने की कोशिश जल्दबाजी की बजाय गंभीरता और सावधानी पूर्वक करेंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते कुछ काम पूरे होने से रह सकते है। आज कोई भी जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरूर ले लें। आपके दिमाग में खुद-ब- खुद नये-नये आडीयाज़ आते रहेंगे। जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उनके लिए दिन ठीक रहने वाला है। बिजनेस में आगे बढ़ने के लिए आपको किसी की मदद मिल सकती है। परिवार में भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते पहले से और बेहतर होंगे। पैसे कमाने के कुछ नए सुझाव आपको मिल सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के जो छात्र विदेश में हायर एजुकेशन के लिए जाना चाहते हैं, वो किसी से इस बारे में राय ले सकते हैं। आज रुपये पैसों के लेन-देन में आपको सावधानी रखने की जरूरत है। किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है। व्यापार में आज अचानक आय के नये स्त्रोत मिलेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। आज कोई भी काम करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिये। इससे आपको अपने काम में मदद मिलेगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम जरूर सफल होंगे। जो लोग लंबे समय से अपनी कन्या के लिए वर की तलाश कर रहे हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है, कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी। आप उनके साथ किसी ट्रिप पर जाने की प्लानिंग भी बना सकते हैं। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस से जुड़े लोगों को कुछ बड़े प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। आज अपनी वाणी पर संयम रखें। आज परिवार का माहौल ठीक रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपको काम में किसी का सहयोग मिल सकता है। बच्चे आज आपसे किसी खिलौने के लिए जिद कर सकते हैं।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ पार्टनरशिप के लिए दिन अच्छा रहेगा। दाम्पत्य जीवन आज बेहतरीन रहने वाला है। बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख लें। जो महिलाए उद्योग शुरू करना चाहती हैं, उनको परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा। कुल मिलकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशिः आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी पार्टी आपको कोई बड़ा पद भी दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान बढ़ेगा। जो लोग लोहे के व्यापार से जुड़े हैं, उनके व्यापार में वृद्धि होगी। फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को कोई काम मिल सकता है। इससे आप खुद के सपनों को पूरा कर पायेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशिः आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आज किसी भी तरह की लापरवाही करने आपको बचना चाहिए। जो लोग थोक विक्रेता है, उनको आज विशेष लाभ होगा। किसी दूसरे शहर से सामान मंगवाना हो, तो आज इससे जुड़े निर्णय ले सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में जीवनासाथी का सहयोग मिलेगा। जो लोग घर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, वे लोग आज शिफ्टिंग का कार्य शुरू करवा सकते हैं। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा लगेगा।

कुंभ राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी। हर कोई आपसे अच्छा व्यवहार करेगा। आज समाज से जुड़े कार्यों को करने के लिए दिन उत्तम है। आप किसी एनजीओ की शुरुआत या किसी सामजिक संगठन से जुड़ सकते हैं। आज ऑफिस में काम करने में आपका कोई सानी नहीं होगा। आपके जूनियर भी आपसे काम सिखना चाहेंगे। किसी काम के लिए आपको ऑफिस में अवॉर्ड भी मिल सकता है। छात्रों को आज किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

मीन राशि : आज आपका दिन अच्छा बितेगा। कला और साहित्य से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी। आपको किसी बड़े ग्रुप से जुड़ने का मौका मिलेगा। आज ज्यादा से ज्यादा समय आप अपने घर वालों के साथ गुजार सकते हैं। आप सबके साथ कहीं घूमने जाने का प्लॉन भी बना सकता हैं। आज धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बन सकते हैं। किसी प्रोडेक्ट की मार्किटिंग के लिए भी दिन अच्छा है। आपकी पदोन्नति के योग भी बन रहे हैं।

राजनीति

# मोदी या गठबंधन एजेंडे से चलेगी सरकार

अजीत द्विवेदी

सरकार गठन के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मविश्वास लौट आया है। नतीजों से जो सेटबैक लगा था वे उससे उबर गए दिखते हैं। उन्होंने अपने हिसाब से सहयोगी पार्टियों को हैंडल किया है। अपने हिसाब से उनको मंत्री पद दिए हैं और कामचलाऊ विभाग देकर उनको निपटाया है। इसके बावजूद ऐसा लग रहा है कि तीसरी सरकार भाजपा के या स्वंय मोदी के एजेंडे से नहीं चलेगी, बल्कि गठबंधन के एजेंडे से चलेगी। भले गठबंधन की सरकार में 82 फीसदी सांसद भाजपा के हैं और वह उस तरह से सहयोगी पार्टियों पर निर्भर नहीं है, जैसी मनमोहन सिंह की सरकार थी या उससे पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी।

इसके बावजूद मोदी को कामकाज में बहुत संतुलन बनाने की जरुरत होगी क्योंकि दूसरी ओर विपक्ष भी पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा मजबूत और एकजुट है। तभी ऐसा लग रहा है सरकार तमाम विवादित एजेंडे को स्थगित कर सकती है। हालांकि मुश्किल यह है कि भाजपा को भी राज्यों में चुनाव लड़ना है और पांच साल बाद अपना एजेंडा लेकर जनता के बीच जाना होगा। तभी यह देखना दिलचस्प होगा कि विवादित मुद्दों या जिन मुद्दों पर आम सहमति नहीं है उनको लेकर सरकार का क्या रुख होता है। सरकार उसे ठंडे बस्ते में डालती है या सहयोगियों पर दबाव बना कर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाती है?सरकार के लिए सबसे पेचीदा मामला परिसीमन और महिला आरक्षण का हो गया है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के आखिरी साल में नारी शक्ति वंदन कानून पास कराया। संसद की नई इमारत में यह पहला कानून था, जिसका बिल पेश किया गया था। मोदी सरकार ने इस बिल को उस रूप में पेश नहीं किया, जिस रूप में इसे पहले एक सदन की मंजूरी मिल चुकी थी। सरकार नया मसौदा ले आई, जिसमें यह शर्त जुड़ी हुई है कि परिसीमन के बाद 2029 में महिला आरक्षण को लागू किया जाएगा। महिला आरक्षण से किसी को समस्या नहीं है। सरकार और उसकी सहयोगी पार्टियों के अलावा विपक्षी पार्टियां भी महिला आरक्षण के समर्थन में हैं। लेकिन परिसीमन का विरोध तय है। विपक्ष के साथ साथ सरकार की कई सहयोगी पार्टियां भी परिसीमन का विरोध कर सकती हैं।

अभी तक यह कहा जा रहा है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होगा, जिसमें दक्षिण भारत से लोकसभा सीटों की संख्या कम हो सकती है और उत्तर भारत के राज्यों में सीटें बढ़ सकती हैं। तभी दक्षिण भारत की पार्टियां जनसंख्या के आधार पर परिसीमन का विरोध करती हैं। ध्यान रहे आंध्र प्रदेश की टीडीपी और कर्नाटक की जेडीएस दोनों सरकार का समर्थन कर रहे हैं लेकिन परिसीमन पर इनका समर्थन हासिल करना आसान नहीं होगा। सो, यह सरकार को उलझाने वाली स्थिति है और उसने तय किया हुआ है कि 2029 के चुनाव तक परिसीमन हो जाएगा और महिला आरक्षण लागू किया जाएगा।

इसी तरह भाजपा ने पूरे देश में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू करने का वादा किया है। उत्तराखंड सरकार ने जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में बनी कमेटी की सिफारिशों के आधार पर इसे अपने राज्य में लागू कर दिया है। भाजपा ने इसे अपने चुनाव घोषणापत्र में भी शामिल किया है और इस बार के चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री तक सभी इसका वादा करते रहे हैं। लेकिन सरकार बनने से पहले ही भाजपा की सहयोगी जनता दल यू ने कहा कि इस पर सबकी सहमति बनाने की जरुरत है। ऐसा लग रहा है कि धर्म के मामले में दखल देने वाला कोई भी कानून लाना अब संभव नहीं होगा।मुस्लिम आरक्षण खत्म करने की बातें भी ठंडे बस्ते में जाएंगी क्योंकि जनता दल यू और टीडीपी दोनों इसके पक्ष में हैं। हालांकि भाजपा की ओर से आधिकारिक रूप से नहीं कभी नहीं कहा गया है कि लेकिन उसके समर्थक वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव और धर्मस्थल कानून की समाप्ति की बात भी कर रहे थे। कहा जा रहा था कि चार सौ सीटें आएंगी तो वक्फ बोर्ड कानून को बदल कर वक्फ की सारी संपत्ति सरकार ले लेगी और नरसिंह राव सरकार के समय बना धर्मस्थल कानून बदल दिया जाएगा ताकि कथित तौर पर हिंदू मंदिरों के स्थान पर बने मस्जिदों को वापस हासिल किया जा सके। ऐसी कोई भी बात अब सरकार के एजेंडे में नहीं होगी।लेकिन ऐसा नहीं है कि काशी और मथुरा का मसला रूक जाएगा। ध्यान रहे इसमें सरकार कुछ नहीं कर रही है। जो कुछ भी हो रहा है कि वह अदालत के आदेश से हो रहा है। वाराणसी की अदालत ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे करने और तहखाने में श्रृंगार गौरी की पूजा करने की अनुमति दी। इस पर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी रोक नहीं लगाई। इसी तरह मथुरा की शाही ईदगाह का भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण यानी एएसआई से सर्वे कराने का आदेश भी मथुरा की अदालत ने दिया है। उधर मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला और कमाल मौला मस्जिद के सर्वे का आदेश भी अदालत ने दिया है। इसमें सरकार कुछ नहीं कर रही है।

वह सिर्फ अदालत के आदेश के पालन कर रही है। अगर अदालती कार्रवाई मंथर गति से भी चलती रहती है तो यह मामला सुलगता रहेगा। अंदर अंदर उबाल बना रहेगा। अदालती कार्रवाई में दखल देने के लिए सहयोगी पार्टियां सरकार पर दबाव नहीं डाल पाएंगी। ध्यान रहे विपक्ष खुद ही कहता है कि अयोध्या में राममंदिर का श्रेय सरकार को नहीं लेना चाहिए क्योंकि यह अदालत के आदेश से बना है। इसका मतलब है कि विवादित जगहों को लेकर अदालत का आदेश आता है तो विपक्ष भी उसे मानने को तैयार है।इसी तरह 'एक राष्ट, एक चुनाव' के एजेंडे में भी दिक्कत नहीं है। महिला आरक्षण और परिसीमन के साथ यह तीसरा मुद्दा है, जिसे 2029 में लागू करने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया है। इसके लिए उनकी सरकार ने पूर्व राष्ट्पति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाई थी, जिसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इसने चरणबद्ध तरीके से काम शुरू करने और 2029 में देश के सारे चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की है।जिस समय कोविंद कमेटी इस मसले पर देश की सभी पार्टियों से राय मांग रही थी उस समय नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू ने इसका समर्थन किया था। तेलुगू देशम पार्टी को भी इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए क्योंकि आंध्र प्रदेश में तो विधानसभा के चुनाव लोकसभा के साथ ही होते हैं। सो, अगर भाजपा की ये दोनों बड़ी सहयोगी पार्टियां सहमत होती हैं तो सरकार के सारे चुनाव एक साथ कराने के एजेंडे पर आगे बढ़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी। सो, कुछ राजनीतिक मसले तो गठबंधन की सरकार के बावजूद आगे बढ़ेंगे लेकिन परिसीमन, यूसीसी या धर्म से जुड़े मुद्दों पर सरकार के लिए सहमति बनाने की मजबूरी होगी।

विशेष लेख

एल.डी.मानिकपुरी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी

# साय सरकार के छः माहः छत्तीसगढ़ में उम्मीदों की नई रोशनी फैलाने में सफल

लोकतंत्र में जहां जनता अपने नेतृत्व को वायदे पूरे करने के लिए पांच साल का जनादेश प्रदान करती है। ऐसे में किसी प्रदेश के मुखिया से महज छह माह के समय में इन वायदों को पूरा करने की आशा आमतौर पर बेमानी होती है। लेकिन मन में जज्बा, कुछ करने की लालसा, संवेदनशील प्रयास और समन्वित रणनीति के तहत कार्य किया जाए तो छह माह में भी इतिहास गढ़ा जा सकता है। महज छह माह में किसी भी सरकार के कामकाज का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता इसके बावजूद विष्णु देव साय सरकार जिस तेजी के साथ काम को आगे बढ़ा रही है, निश्चित ही यह एक मिसाल है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए अधिकांश वायदों को पूरा करने के लिए जरा भी वक्त जाया नहीं किया। इसे कुछ इस तरह से समझा जा सकता है। शपथ ग्रहण 13 दिसम्बर 2023 के बाद 15 अप्रैल 2024 यानी 4 माह 02 दिन। 16 मार्च 2024 से 6 जून 2024 यानी 2 माह 21 दिन लोकसभा निर्वाचन की वजह से आदर्श आचार संहिता पूरे प्रदेश में प्रभावशील रही। ऐसे में विष्णु देव सरकार को मुख्यमंत्री बने छह माह जरूर हो चुके हैं लेकिन निर्णय, योजनाओं का क्रियान्वयन, भावी रणनीति को मूर्तरूप देने के लिए उन्हें 4 माह का ही समय मिला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इन सब के बावजूद अपने सटीक निणर्यों से प्रदेश में एक अलग छाप छोड़ने में सफल हुए हैं। जब हम आधी आबादी की बात करते हैं तब उनकी स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलम्बन और सशक्तीकरण के लिए ठोस व दूरगामी रणनीति बनानी पड़ती है। प्रदेश के 70 लाख विवाहित महिलाओं के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण महतारी वन्दन योजना से मिली है। ईब से इंद्रावती तक यानी प्रदेश के चारों तरफ विवाहित महिलाओं को हर माह एक हजार रूपए दिए जा रहे हैं और इस तरह चार किश्ते दी जा चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा विवाहित माताओं-बहनों के खाते में राशि देने के पीछे आर्थिक सशक्तीकरण करना, उनके आर्थिक हालात को बेहतर करना प्रमुख उद्देश्य है। दावे और वादे के पक्के मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के लाखों किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदने की गारंटी को पूरा करते हुए 32 हजार करोड़ रुपए के समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान किसानों के खाते में किया गया, वहीं 24 लाख 75 हजार किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए अन्तरित की गई। खरीफ सीजन में रिकॉर्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इसके अलावा किसानों को दो साल के धान के बकाया बोनस राशि 3 हजार 716 करोड़ रुपए देने जैसे साहसिक निर्णय लिए है। मुख्यमंत्री श्री साय संवेदनशील सरकार और किसानों के सरकार के रूप में महज छह माह में ही पहचान बनाने में सफल हुए। आदिवासियों की पीड़ा, संघर्ष, सम्मान और जरूरत को उनसे बेहतर कौन समझ पाएगा! सरकार बनाते ही तेन्दूपत्ता प्रति मानक बोरा 5 हजार 500 रूपए की गई, जिससे 12 लाख 50 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभ मिल रहा है। कौन नहीं चाहता कि घर के बुजुर्ग तीर्थ यात्रा करें लेकिन आर्थिक अभाव, सुरक्षा और मार्गदर्शन आड़े आते हैं। ऐसे में विष्णु सरकार की मानवीय पहल यानी रामलला मंदिर दर्शन योजना से मन की मुराद पूरी हो रही है। कोई न सोए भूखे पेट, इस तरह के विचार को अपनी कार्य योजना में शामिल करें तो वह निश्चित ही मानवीय संवेदना ही है प्रदेश के 68 लाख से अधिक गरीब परिवारों को पांच वर्षों तक मुफ्त अनाज देने जैसे निर्णय साबित कर रहे हैं कि सरकार गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता दे रही है। खुद का घर, पक्का मकान यह सब सुनने में एक गरीब परिवार के लिए दिन में देखने वाले स्वप्न की तरह होता है। लेकिन इस सपने को सच करने के लिए, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण की दिशा में प्रदेश जोरशोर से आगे बढ़ चुका है। ऐसे में गरीब के सिर में पक्का छत होना यानी सशक्त परिवार और खुशहाल समाज का प्रतीक बनेगा। सरकार में आते ही युवाओं की तकलीफ को समझा और पीएससी परीक्षा घोटाले को लेकर युवाओं के गुस्से और हताशा को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने सीबीआई जांच की अनुशंसा की। शासकीय भर्ती आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने से युवाओं के मन में खुशियां देखने को मिली है। जिस बस्तर अंचल की पहचान सुंदर प्राकृतिक परिवेश और अकूत संसाधनों से है तथा यहां के भोलेभाले आदिवासियों की कला संस्कृति ने देश और दुनिया को अपनी ओर खींचा है। इस स्वर्ग को दूषित करने का काम कुछ माओवादी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के अडिग निर्णय, बेहतर रणनीति का ही परिणाम है कि महज छह माह में 129 माओवादियों को सुरक्षा बलों के जवानों ने ढेर किया है, 488 गिरफ्तार हुए हैं 431 आत्मसमर्पण किया और इस तरह बस्तर की उम्मीद की नई रौशनी देखने को मिलने लगी है।



## सुरभि ज्योति ने फिर टाली ब्वॉयफ्रेंड सुमित सूरी से शादी

**गौरेला।** आज सुबह करीब 4 से 5 बजे के मध्य रात्रि गश्त पर निकली मरवाही पुलिस की टीम को अवैध तरीके से एमपी की शराब परिवहन करते एक पिकअप वाहन को पकड़ने में सफलता मिली है। थाना मरवाही के एएसआई चंदन सिंह और आरक्षक नारद जगत रात्रि गश्त दौरान जब रात 03–30 बजे के आस पास चलचली रोड पर थे तब संदिग्ध सफेद पिकअप इनके वाहन को देखकर अचानक गाड़ी मोड़ने लगा जिस पर संदेह होने पर पुलिस टीम ने इनकी ओर गाड़ी तेज कर दी तो पिकअप चालक ने दुबारा कोटमी रोड पर गाड़ी तेजी से निकाल दी जिसका पुलिस गश्त टीम ने पीछा किया और जब पिकअप चालक को लगा कि वो पकड़ाने वाला है वह पिकअप खड़ा कर भाग खड़ा हुआ जिसका पीछा किया गया पर अंधेरे का फायदा उठाकर वह भाग निकला जिसके बाद वापस आकर टीम ने पिकअप वाहन को चेक किया तो कई पेटियों में ब्रांडेड अंग्रेजी शराब मिली । वाहन की चेकिंग में टोल की पर्चियों समेत जो कागज मिले हैं उनसे इस तस्करी का कनेक्शन एमपी और सरगुजा से जुड़ता परिलक्षित होता है। संभवतः अंबिकापुर क्षेत्र के बड़े अंतरराज्यीय शराब तस्कर के इसमें शामिल होने की संभावना लग रही है।

मामले की जानकारी मिलते ही जिले की एसपी भावना गुप्ता ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल की मॉनिटरिंग में साइबर की टीम को भी आरोपियों की पतासाजी और धरपकड़ में लगाया गया है साथ ही संपूर्ण विवेचना की मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए हैं।

फिलहाल मरवाही पुलिस द्वारा पिकअप वाहन समेत 181 पेटी जिसमे लगभग 1400 लीटर की ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की बॉटल जप्त की गई है जिसमे बोल्ट ब्रांड की बीयर, ब्लेंडर प्राइड, मैकडोनाल्ड, रॉयल स्टैग बैगपाइपर और भारी मात्रा में गोवा ब्रांड की शराब शामिल है । सभी शराब की बॉटल मध्यप्रदेश निर्मित हैं। इनके बरौर के संभावित रूट पर सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है। फरार पिकअप चालक के साथ अन्य रेकी कम पायलटिंग टीम के जुड़े होने की संभावना भी है जिस बाबत पाइलेटिंग वाहन की भी पतासाजी के प्रयास भी जारी हैं। उपरोक्त धरपकड़ की कार्यवाही में उप निरीक्षक श्यामलाल गढ़ेवाल, एएसआई चंदन सिंह और आरक्षक नारद जगत की उल्लेखनीय भूमिका रही है ।

# प्लेट मिल बिरादरी ने किया वृक्षारोपण

**भिलाई** इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने एवं अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिये प्रेरित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता थे।

मुख्य अतिथि तापस दासगुप्ता ने वृक्षारोपण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिये बहुत अधिक उपयोगी है, क्योंकि ये हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और पृथ्वी पर ऑक्सीजन का संतुलन बनाकर रखते हैं। ऑक्सीजन न सिर्फ मनुष्यों के लिए बल्कि सभी जीव जन्तुओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। जीवों का अस्तित्व पर्यावरण से और पर्यावरण पेडों से है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आर के बिसारे ने अपने उदबोधन में कहा कि पर्यावरण ही हमें सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करती है और पर्यावरण पेड़ों से समृद्ध होता है। हम




सभी को अपने-अपने जन्मदिन के अवसर पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पेड़ लगाना और उसकी देखरेख करना हम सभी का दायित्व है। यदि हम आज से ही वृक्षारोपण करने की मुहिम को प्रारंभ कर दें, तो अपने जीवन काल के अंत तक बहुत अधिक पेड़ लगा चुके होंगे और यही पेड़ बड़े होकर हमें फल, फूल और छाया प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक तरूण कनरार, मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन) डी एल मोईत्रा, मुख्य महाप्रबंधक (रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल एवं आर टी एस) श्री टी दस्तीदार, मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) श्री अरूण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एस एम एस-2) श्री एस के घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक एस टोकदार, मुख्य महाप्रबंधक ए के दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक (पावर फेसिलिटी) श्री राजीव पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री संदीप माथुर उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त प्लेट मिल विभाग के महाप्रबंधकगण श्री एस के वर्मा, भास्कर रॉय, जे सुधाकर, एच बहुरूपी, सी पदमनाभन तथा सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) विजय कुमार, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी सुखचंद तथा रूहेल सिंह सहित सुश्री मीनू चैहान, सुश्री नीता सरवरे तथा बडी संख्या में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारीगणों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

## नेहरू नगर भेलवा तालाब सफाई के साथ साथ पेड़ो की कटाई, छटाई ट्रिमिंग शुरू

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत नेहरू नगर भेलवा तालाब लोगो के प्रमुख आर्कषण का केन्द्र है। वहां पर तालाब की सफाई का काम नियमित रूप से चल रहा है, उसके साथ साथ उद्यान विभाग द्वारा चारो तरफ लगे पेड़ की कटाई छटाई करके सुन्दर एवं आकर्षित बनाया जा रहा है। इस बात से रोज सुबह टहलने वाले लोग खुश है, डॉ. बी के गोयल ने प्रसंन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि हम रोज टहलते है, अभी पेड़ो की कटाई छटाई होने के बाद से और बेहतर लग रहा है हम सबको भी ध्यान देना पड़ेगा की गंदगी न फैलाये। मैं देखता हुं कि लोग धीरे से आकर कचरा, पुजा सामग्री डाल देते है जबकि उसके लिए अलग से स्थल निर्धारित है वहीं पर डाले, हम लोग भी सर्तक रहेगे किसी प्रकार की गंदगी न हो। तालाब के अंदर से निकलने वाले कमल के ककड़ी (ढ़ेस) एवं पंखड़ियो को जैविक खाद बनाने के लिए राशि उद्यान में गढढा बनाकर जैविक रूप से निष्पादित किया जायेगा। इसकी खाद बहुत की गुणकारी एवं उपजाऊ होगा।

## परियोजना निदेशक ने विभिन्न पंचायतों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**गौरेला-** परियोजना निदेशक जिला पंचायत (डीआरडीए) कौशल प्रसाद तेंदुलकर ने आज जनपद पंचायत पेण्ड्रा के सेक्टर कोटमीकला अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोटमीकला, दमदम, गोड़ा, देवरीखुर्द एवं ग्राम पंचायत अमारू का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओ की जानकारी ली।

उन्होंने गपंचायतो में चल रहे समस्त निर्माण कार्यों एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को समय सीमा में पूर्ण कराने का निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत कोटमीकला में मनरेगा



योजनान्तर्गत अहाता निर्माण कार्य का एवं ग्राम पंचायत दमदम समुदाय के लिये सरहद नया तालाब का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के तहत चन्द्रहासिनी समूह, चांदनी समूह, सर्वमगला समूह, जय मां शारदा समूह, प्रतिज्ञा समूह, गंगा समूह, चाहत महिला स्व सहायका समूह के महिलाओ को कचरा कलेक्शन हेतु डस्टबीन प्रदाय किया गया। निरीक्षण के दौरान यशंवत बघेल उप सांचलक पंचायत, अनीष मसीह जिला समनव्यक प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय शर्मा एवं गिरिवर साहू उपस्थित थे।

# निगम भिलाई क्षेत्र में मच्छर उन्मूलन हेतु चलाया जन जागरूकता अभियान

**भिलाईनगर।** कलेक्टर महोदया के आदेशानुसार निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में आगामी वर्षाऋतु के आमगन को ध्यान में रखते हुए वार्ड 41 औधोगिक क्षेत्र छावनी के आदिवासी मोहल्ला, श्रमिक बस्तीयों में मच्छर उन्मूलन एवं जलजनित मौसमी बिमारियो से बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारी कर्मचारियो को निर्देश देते हुए बताया है कि आगामी वर्षाऋतु आमगन पर है इसे ध्यान में रखते हुए निचली बस्तीयों एवं जल भराव वाले क्षेत्रो का निरीक्षण कर बरसाती पानी जमा होने से एवं पानी से फैलने वाले जलजनित बिमारियो से बचने मच्छर उन्मूलन की रोकथाम हेतु भिलाई निगम क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नागरिक अपने घरो के कुलर, पुराने टायर, टंकी, ड्रम, पुराने मटके इत्यादि को खाली रखे एवं आस पास की सफाई करते रहे। चुकिं साफ पानी में ही मच्छरों का प्रजनन होने



से अण्डा देता है जिससे लार्वा बनता है और उल्टी, दस्त, पीलिया, डायरिया जैसे बिमारियां फैलते है। आयुक्त ने नागरिको से अपील की है कि बरसात के दिनों में होने वाले मौसमी बिमारियों से अपने एवं अपने परिवारजनो को बचाये साथ ही मैलाथियान दवाई एवं जला आईल का छिड़काव भी करे। जागरूकता अभियान के तहत वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला से विजय सेजुला, एस.के.दिल्लीवार, मनोज साहू, जिला मलेरिया विभाग से राजकुमार भसकोलो, उमेश कपूर, मितानीन शोभा शाह के साथ निगम के जोन स्वास्थ्य अमला लगातार शामिल है यह जागरूकता अभियान शतत रूप से चल रहा है सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है।

# निर्माणाधीन आवासों का सभी इंजीनियर फील्ड में जाकर करे निरीक्षण

**भिलाई नगर ।** नगर निगम भिलाई-चरौदा के प्रत्येक वार्ड में बी.एल.सी. आवासों का निर्माण कार्य देखने उप अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा किए जाने के दौरान इस आशय के दिशा निर्देश उपस्थित सभी अभियंता को प्रदान किये।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राही द्वारा कार्य प्रारंभ करते ही पहली किश्त निगम प्रशासन द्वारा प्रदान की जाती है। इसके पश्चात दूसरी और तीसरी किश्त की राशि निर्माण कार्य छत ढलाई तक पहुंचने पर भुगतान किया जाता है, चौथी किश्त पूर्णता पर जारी की जाती है। निगम आयुक्त ने कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान कहा कि निगम प्रशासन द्वारा समय पर भुगतान उपरांत भी कार्य में प्रगति नहीं होना इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता । संबंधित वार्ड प्रभारी उप अभियंता एवं सहायक अभियंता सहित कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ फील्ड में जाकर समस्या निराकरण करने की कार्यवाही करें। शहरी तथा ग्रामीण वार्ड में बी.एल.सी. आवास निर्माण की वस्तुस्थिति देखने पहुंचे सहायक अभियांता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांतशुक्ला, उपअभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उपअभियंता वैभव त्यागी सहित अन्य कार्मचारी।



## कलेक्टर ने किया शालेय पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन

बिलासपुर । कलेक्टर अवनीश शरण ने कोटा ब्लॉक के मझगांव शासकीय उमावि द्वारा प्रकाशित शालेय वार्षिक पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन किया। उन्होंने पत्रिका प्रकाशन के लिए स्कूल के प्राचार्य शैलेश पांडे सहित स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। कलेक्टर ने इस मौके पर कहा कि पत्र-पत्रिकाएं विद्यार्थियों की कलात्मक, रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने में सहायक होती हैं। साथ ही छात्रों



में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जगा कर उन्हें अनुसंधान हेतु प्रेरित करती हैं! उन्होंने पत्रिका को विद्यालय की वर्ष भर की गतिविधियों का दर्पण बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पत्रिका छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व को और अधिक प्रखर करने में अत्यंत उपयोगी साबित होगी। प्राचार्य शैलेश कुमार पांडेय ने पत्रिका में शामिल विषय सामग्री की जानकारी दी। विमोचन के लिए कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री आर.ए. कुरुवंशी, यूनिसेफ की जिला सलाहकार श्रीमती रूमाना खान भी उपस्थित थीं।

# निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार - सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

**कोरबा ।** सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार 12 जून 2024 को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम कल्याण केन्द्र, (जूनियर क्लब) सी.एस.ई.बी. कॉलोनी दर्री कोरबा में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा कु. डिंपल के द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस मनाये जाने के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि वर्ष 1973 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन अभिसमय संख्या 138 बाल मजदूरी को 15 वर्ष से कम उम्र के किसी व्यक्ति द्वारा किये गये किसी आर्थिक गतिविधियों का उल्लेख करता है। बालकों के मौलिक अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुए कहा गया कि संविधान में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराया जाने के संबंध में प्रावधान किया गया है। निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा हेतु बच्चों का अधिकार अधिनियम 2009, 06 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 में कारखाने आदि में बच्चों को काम पर लगाये जाने का निषेध किये जाने के संबंध में बताया गया कि 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को कारखाने, खदान में अथवा अन्य जोखिम भरे रोजगार में कार्य करने हेतु नियुक्त नहीं किया जाएगा। संविधान में प्रावधानित राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली नीति निर्देशक सिद्धांत के अंतर्गत मजदूरों, पुरुषों एवं महिलाओं तथा कम उम्र के बच्चों को स्वास्थ्य तथा शक्ति का दुरुपयोग न हो तथा आर्थिक आवश्यकताओं से मजबूर होकर नागरिक ऐसे व्यवसायों में प्रवेश करने के लिये विवश न हों। जो उनकी उम्र एवं शक्ति के अनुकूल नहीं है, तथा बच्चों को स्वस्थ तरीके से तथा स्वतंत्र परिस्थितियों में गरिमा के साथ विकास के लिये अवसर एवं सुविधाएं दी जाएं, तथा शोषण से बचपन एवं युवावस्था की रक्षा किए जाने का दायित्व राज्य को सुनिश्चित किया जाना है। जिसके संबंध में राज्य द्वारा समय-समय पर बच्चों के संबंध में कानून में संशोधन किया जाता रहा है। मौलिक दायित्व संबंधी संविधान उल्लेख करता है कि भारत के प्रत्येक नागरिक जो माता-पिता अथवा अभिभावक का दायित्व है कि वह 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को शिक्षा के लिये अवसर प्रदान करें। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन 1986 में अधिसूचित खतरनाक क्षेत्रों में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। उदाहरण के लिये बीड़ी बनाना, सीमेंट कारखानों में सीमेंट बनाना, फटाखे या बारूद बनाना, एवं सिंलाई जैसे खतरनाक क्षेत्रो में बाल श्रमिक नियोजित किये जाने पर दोषी नियोजक को सजा का प्रावधान है। बच्चों का किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2002 के संक्षिप्त जानकारी दी गई।

राजेश कुमार आदिले, सहायक श्रम आयुक्त कोरबा के द्वारा बाल श्रम के प्रावधानों को विधिवत् पालन कराए जाने के संबंध में अवगत कराते हुए कहा कहा कि 14 साल के नीचे के बच्चों को घातक कारखानेध्प्लांटों में कार्य ना कराने तथा उन पर भी निगरानी बरती जाने के संबंध में अवगत कराया गया। श्री संदीप बिसेन के द्वारा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के अधिकारों, उनकी देखभाल व संरक्षण पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये, पालक को बच्चों पर विशेष ध्यान दिए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। महिला बाल विकास विभाग की हेल्पलाइन नंबर 1098 में आवश्यक परिस्थिति से निःशुल्क कॉल किए जाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। श्री फिरत राम साहू, वार्ड पार्षद के द्वारा बाल श्रम अंतर्गत मोहल्ले में पृथक से शिविर लगाए जाने के संबंध में पुनः विधिक जागरूकता शिविर लगाये जाने के संबंध में आग्रह किया गया है। श्रम विभाग अंतर्गत योजनाओं का क्रियान्वयन व आवश्यक प्रचार-प्रसार किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। मंच का संचालन श्रम निरीक्षक सुरेश कुर्रे द्वारा किया गया। उक्त अवसर श्रम निरीक्षण श्री बी.पी. साहू, पैरालीगल वॉलिंटियर्स श्रीमती विजय लक्ष्मी सोनी, नारायण कैवर्त एवं अहमद खान के द्वारा विधिक सेवा योजनाओं के संबंध में पम्पलेट का वितरण किया गया।

## गांव शहर सभी जगह मनाया जायेगा योग दिवस

**बिलासपुर ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम स्व.बी आर यादव स्मृति राज्य स्तरीय खेल परिसर बहतराई स्टेडियम में सवेरे 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। विभिन्न अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व के तहत मंच, टेंट एवं योग स्थल पर आवश्यक बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई है। इसी प्रकार साफ-सफाई, पेयजल, साउंड सिस्टम एवं प्रोजक्टर की जिम्मेदारी आयुक्त नगर निगम, विद्युत व्यवस्था एवं जनरेटर लोक निर्माण विभाग, मंच संचालन एवं योग आयुष एवं जिला शिक्षा अधिकारी, छात्र-छात्राओं सहित सहभागियों की उपस्थिति शिक्षा विभाग, वाहन व्यवस्था परिवहन विभाग, प्रचार-प्रसार एवं फोटो वीडियोग्राफी जनसंपर्क विभाग, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी, पुलिस विभाग, प्राथमिक चिकित्सा का दायित्व स्वास्थ्य विभाग, पुष्प गुच्छ एवं माला उद्यान विभाग, बैनर एवं योग रथ समाज कल्याण विभाग, जलपान व्यवस्था खाद्य विभाग एवं टी शर्ट व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर निगम बिलासपुर को सौंपी गई है।

## समाचार संक्षेप

### अंधड़ प्रभावित सरायपाली में विद्युत आपूर्ति बहाली के दौरान ई.ई के ऊपर गिरी पेड़ की शाखा

रायपुर, 14 जून। तेज आंधी-तूफान-बारिश के कारण 13 जून 2024 को सरायपाली अंचल में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई, जिसमें सुधार के लिए बिजली कर्मियों के दल के साथ कार्यपालन अभियंता (एक्जिक्यूटिव इंजीनियर) श्री आर.के अरोरा भी मौके पर उपस्थित थे।



पीपल पेड़ की एक मोटी शाखा उनके ऊपर गिर जाने से श्री अरोरा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी श्री पी. दयानंद, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा तत्काल मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को दी गई। जिस पर श्री साय ने श्री अरोरा को श्रेष्ठतम उपचार दिलाने के निर्देश दिए, साथ ही उनकी कर्तव्य-परायणता की सराहना की है।

श्री दयानंद ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय ने इस बात को लेकर संतोष जताया है कि प्राकृतिक संकट के दौरान विद्युत मण्डल के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात की परवाह किए बिना फील्ड पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। अपने मातहत दल के साथ सुधार कार्यों में तत्परता दिखा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 13 जून के आंधी-तूफान-बारिश में सरायपाली शहर सहित आसपास के गांवों, बलौदा, मलदामाल आदि स्थानों पर 33 के.वी. तथा 11 के.वी. लाइनों के ऊपर पेड़ों की भारी शाखाएं टूटकर गिर गई थी। 11 के.वी के 7 तथा 132 के.वी के 5 फीडर प्रभावित हुए थे। रात करीब 9:30 बजे जब सरायपाली में 33 के.वी. उपकेंद्र के पास 33 के.वी. लाइन पर सुधार किया जा रहा था, तब पीपल पेड़ की एक मजबूत टहनी श्री अरोरा के ऊपर गिर गई, जिससे उनके सिर, पसलियों और पैरों में चोट आई है। वे बेहोश होकर गिर पड़े थे। घटना की सूचना तत्काल एम.डी. पारेषण श्री राजेश कुमार शुक्ला, ई.डी. श्री भीमसिंह कंवर तथा श्री संदीप वर्मा को मिली। निर्देशानुसार श्री अरोरा को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल लाया गया। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। एम.डी. श्री शुक्ला ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अस्पताल पहुंचकर श्री अरोरा तथा उनके परिवारजनों से भेंट की तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। इस घटनाक्रम के बीच सरायपाली में विद्युत आपूर्ति बहाली का काम भी पूरा किया गया।

### फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी से मिलाया हाथ

रायपुर। 'खिलौना निर्यात हब' के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को मजबूती देते हुए भारत के घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) से हाथ मिलाया है। फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर खिलौना आपूर्ति उद्योग में भारत की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में घरेलू विनिर्माताओं के कौशल विकास पर जोर दिया गया, जिससे वे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करने वाले इनोवेटिव एवं उच्च गुणवत्ता के खिलौने बनाने में सक्षम हो सकें। खिलौनों के मामले में भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार ने कई रणनीतिक पहल की हैं। नेशनल एक्शन प्लान फॉर ट्वायज (एनएपीटी) के रूप में व्यापक नीति तैयार करना इसी दिशा में एक पहल है। एनएपीटी के तहत मुख्य पहल का उद्देश्य गुणवत्ता में सुधार, नवोन्मेष और बाजार में विस्तार के माध्यम से भारतीय खिलौना उद्योग को नई ऊंचाई पर पहुंचाना है। पूरे भारत से सैकड़ों खिलौना विनिर्माताओं ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। इसमें फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर संवादात्मक एवं विशेषज्ञों की अगुआई में परिचर्चा का आयोजन किया गया। गुणवत्ता में सुधार, नवोन्मेष और उद्योग के मानकों का अनुपालन जैसे विषयों को परिचर्चा के केंद्र में रखा गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य जनों में डीपीआईआईटी के सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव श्री संजीव, डीपीआईआईटी के निदेशक मोहम्मद इशरार अली, फ्लिपकार्ट के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार और फ्लिपकार्ट में एफएमसीजी एवं जनरल मर्चेंडाइज की प्रमुख मंजरी सिंघल के नाम उल्लेखनीय हैं।

# रविवि ने की गड़बड़ी, गलत पेपर बांटने पर एनएसयूआई ने मचाया हंगामा

रायपुर » दैनन्दिनी.

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रबंधन ने एक बार फिर परीक्षा में गड़बड़ी कर दी है. बीए-एलएलबी की परीक्षा में दूसरा प्रश्नपत्र बांटे जाने से नाराज छात्र सुबह आठ बजे से परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामा मचा रहे हैं. छात्रों के अनुसार, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की बीए-एलएलबी की परीक्षा में आज पोलिटिकल साइंस थर्ड पेपर था, जिसके स्थान पर फोर्थ पेपर का प्रश्न पत्र बांट दिया गया. दूसरे प्रश्न पत्र दिए जाने से नाराज छात्रों ने इस पर परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामा मचाना शुरू कर दिया. अपनी गड़बड़ी को दबाने के लिए विश्वविद्यालय दूसरे दिन परीक्षा आयोजित करने बाबत पत्र मांग रहा है, जिसे देने से छात्र इंकार कर रहे हैं. पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में गड़बड़ी का यह पहला मामला नहीं है. इसके पहले विद्यार्थियों ने उत्तर पुस्तिका गायब होने पर और उसके बाद उत्तर पुस्तिका को गलत तरीके से जांचने पर प्रदर्शन हुआ है. और अब अब परीक्षा



में गलत प्रश्न पत्र बांटने का मामला सामने आया है. छात्र इंतजार कर रहे हैं कि इस मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रबंधन क्या रूख अपनाता है.

**कुलसचिव ने दी सफाई**-पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. शैलेंद्र पटेल ने कहा है कि पहली बार ऐसी गड़बड़ी हुई है, जो एक गंभीर लापरवाही है. सिलेबस में इस नाम के और भी प्रश्नपत्र भी होते हैं, इसलिए ये घटना हुई. इसका परीक्षण कराया जाएगा और कार्यवाई भी की जाएगी. आज का पेपर निरस्त किया गया है, जो 10 जुलाई के बाद ही होगा. साथ ही बीए एलएलबी के जो प्रश्नपत्र आज बंटे उसे भी कैंसिल कर परीक्षा की नई तारीखें जारी की जाएंगी.एनएसयूआई के प्रदेश सचिव भक्तेश्वर वैष्णव ने बताया कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बीए-एलएलबी कोर्स के चौथा सेमेस्टर का राजनीतिक विज्ञान भाग तीन का परीक्षा दिनांक 14 जून को आयोजित होना था परंतु प्रश्न पत्र नहीं छापने के कारण छात्रों को एक घंटे इंतज़ार कराया गया। एक घंटे बाद भी जब छात्रों को प्रश्न पत्र प्राप्त नहीं हुआ तब छात्रों में आक्रोश प्रदर्शन किया तब उन्हें आगामी 1 जुलाई को होने वाले राजनीतिक विज्ञान भाग 4 का प्राप्त प्रश्न पत्र थमा दिया गया जिस पर छात्र छात्राओं ने हंगामा शुरू कर दिया। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव भक्तेश्वर वैष्णव के निर्देश पर एनएसयूआई जिला महासचिव खुशांत मांजरे , राघवेंद्र दिवार, प्रवीण ठाकुर, किशोर मांडले, अभिनय चंद्राकर और समस्त छात्र छात्राओं के द्वारा विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पास बड़ी संख्या में छात्र पहुँचे। कुलसचिव द्वारा संबंधित अधिकारी के ऊपर कार्यवाही करने एवं परीक्षा को रद्द कर आगामी स्थिति जारी करने का आश्वासन दिया गया।

### आपदा के समय टोल फ्री नंबर 1070 से मिलेगी सहायता

**रायपुर**। राज्य में किसी आपदा में आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु टोल फ्री नंबर-1070 पर सूचित कर



सहायता प्राप्त की जा सकती है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा सी-डेक, तिरूवनंतपुरम एवं राज्य सरकार के सहयोग से ईआरएसएस डॉयल 1070-आपदा प्रबंधन आपातकालीन सेवा संचालित की जा रही है। इसके टोल फ्री नम्बर पर संपर्क कर बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदंश आदि में सहायता ली जा सकती है।

# छत्तीसगढ़ में होगी जियो-रेफ्रेंसिंग से ई-गिरदावरी: टंक राम वर्मा



रायपुर » दैनन्दिनी.

छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रशासन को चुस्त-दुरूस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। राज्य में अब डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए तैयारियां की जा रही हैं, इस सर्वे को अंजाम देने के लिए राजस्व विभाग द्वारा भूमि का जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। एक ओर जियो-रेफ्रेंसिंग से भूमि विवादों में कमी आएगी। वहीं दूसरी ओर फसलों की ई-गिरदावरी का कार्य आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य में सुशासन के लिए पारदर्शी और बेहतर प्रशासन के लिए शासकीय काम-काज में अधिक से अधिक आईटी का उपयोग करने के निर्देश सभी विभागों को दिए हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को भूमि के जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने बैठक में कहा कि ग्रामीणों और किसानों को नामांतरण, बटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनता की दिक्कतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ दूर करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र को ध्यान रखते हुए सभी राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें कि बच्चों को आय और जाति प्रमाण पत्र के लिए भटकना न पड़ें।

**भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार के लिए अभियान चलेगा-** राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि अविवादित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में यह देखा गया है कि ऐसे प्रकरणों को बिना किसी कारण के अनावश्यक खारिज किया जा रहा है। ऐसे प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार के लिए अभियान चलाया जाए, इसके लिए पंचायत स्तर पर आवेदन लेकर उसका निराकरण किया जाए। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए राज्य के सभी जिलों में जिला स्तरीय खेल आयोजन के लिए मैदान का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

**राजस्व प्राप्ति बढ़ाने पर जोर-** राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार को विभिन्न स्त्रोतों से हो रही राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। राजस्व प्राप्तियां बढ़ाने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य हो। डायवर्सन भूमि का लंबित शुल्क वसूली की जाए। अधिक राजस्व प्राप्तियों से ही विकास और जनकल्याणमूलक कार्यों को गति मिलेगी।

**राजस्व मामलें के निराकरण के लिए ठोस रणनीति**-समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग के सचिव श्री अविनाश चंपावत ने कहा कि राज्य में राजस्व संबंधी प्रकरणों के तेजी से निराकरण के लिए ठोस रणनीति बनाई जा रही है। संचालक श्री रमेश शर्मा ने बताया कि भुइँया सॉफ्टवेयर में राजस्व रिकार्ड अद्यतन है। साथ ही जमीनों के स्थायी चिन्हांकन के लिए चांदा-मुनारा निर्माण करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## 10 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

रायपुर » दैनन्दिनी.

रायपुर पुलिस ने 10 किलोग्राम गांजा के साथ अंतरराज्यीय तस्कर ऋत्विक पाण्डेय को गिरफ्तार किया। आरोपी को थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत गेट नंबर-02 बस स्टैण्ड भाठागांव के पास से पकड़ा गया। जप्त गांजा की कुल कीमत लगभग 1,00,000/- रुपये बताई जा रही है। आरोपी गांजा को उड़ीसा से जबलपुर (मध्य प्रदेश) लेकर जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत रायपुर पुलिस को सूचना मिली कि गेट नंबर-02 बस स्टैण्ड भाठागांव के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा लेकर घूम रहा है और बिक्री करने की फिराक में है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती राजेश देवांगन, तथा थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक दुर्गेश रावटे को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर बताए गए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ऋत्विक पाण्डेय (24 वर्ष) बताया। वह जबलपुर, मध्य प्रदेश का निवासी है। टीम ने उसके पास रखे बैग की तलाशी ली और उसमें 10 किलोग्राम गांजा पाया गया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। ऋत्विक पाण्डेय पिता अभय पाण्डेय, उम्र 24 साल, निवासी 1522/1 हाथीताल कॉलोनी, एम.जी.एम. के पास विद्यालय हाथना, गोरखपुर थाना, गोरखपुर जिला, जबलपुर (म.प्र.) इस कार्रवाई में निरीक्षक दुर्गेश रावटे, उप निरीक्षक धीरेन्द्र बंजारे, आरक्षक अश्वन साहू, विवेक यादव, धनजंय नेताम, घनाराम निर्मलकर, चंद्रभान भदौरिया, रामसिंह विध्यराज, और विदेशी राम पिस्दा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रायपुर पुलिस ने आश्वासन दिया है कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

### पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने डीजीपी को लिखा पत्र

# समाज के निर्दोष लोगों और दंगाईयों में फर्क करे प्रशासन

रायपुर » दैनन्दिनी.

बलौदाबाजार में बीते सोमवार यानी 10 जून को हुई हिंसक घटना के बाद अब स्थिति सामान्य हो गई है और पुलिस मामले में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है. सरकार भी इस पर सख्त है और मामले पर नजर बनाए हुए है. वहीं पुलिस की कार्रवाई को लेकर पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक जुनेजा को पत्र लिखा है. जिसमें उन्होंने मांग की है कि समाज के निर्दोष लोगों और दंगाईयों में प्रशासन फर्क करे.

पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा है कि गिरौदपुरी धाम में जैतखाम को तोड़फोड़ कर अपवित्र करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किये जाने के लिये सतनामी समाज के लोग शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए थे. भीड़ में शामिल कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड और आगजनी की गई. जिसके कारण पुलिस



असामाजिक तत्वों और समाज के निर्दोष लोगों के बीच भेद न करते हुए पूरे सतनामी समाज को अपराधी ठहरा रही है.

शर्मा ने किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, और ऑर्ट आगजनी का विरोध करते हुए पुलिस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अराजक लोगों द्वारा किये गए कार्यों के कारण छत्तीसगढ़ पुलिस समस्त सतनामी समाज पर बर्बर तरीके से उन पर अत्याचार कर रही है जो कि अमानवीय और मानव अधिकार का सीधा उल्लंघन है.

सत्यनारायण शर्मा ने इस मामले की उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर तथ्यों की सूक्ष्म जांच कराकर निर्दोष लोगों को फंसाने और उन पर पुलिस द्वारा की जा रही अमानवीय और बर्बर कार्रवाई पर रोक लगाने तथा असामाजिक तत्वों पर कठोर से कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है.

बता दें, 15 और 16 मई की दरमियानी रात कुछ असामाजिक तत्वों ने गिरौधपुरी धाम में सतनामी समाज के धार्मिक स्थल के पूज्य जैतखाम में तोड़फोड़ की थी. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था. पुलिस की इस कार्रवाई से समाज के लोग असंतुष्ट थे और न्यायिक जांच की मांग कर रहे थे. इस बीच सोमवार को गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच की घोषणा की. वहीं जैतखाम में तोड़फोड़ के विरोध में हजारों लोग कलेक्ट्रेट के पास एकत्र हुए और जमकर हंगामा किया. जहां प्रदर्शन हिंसक हो गया. जिसके बाद उपद्रवियों ने तांडव मचाते हुए कलेक्टर और एसपी कार्यालय को आग के हवाले कर दिया. इस घटना में वहां मौजूद 20-30 पुलिसकर्मी घायल हो हुए. फिलहाल, शहर में 16 जून तक धारा 144 लागू है. मामले में पुलिस एसआईटी की जांच कर रही है।

# नगरीय निकायों को ऊर्जा दक्ष बनाने के लिए होगा एनर्जी ऑडिट

रायपुर » दैनन्दिनी.

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में बिजली बिल और एनर्जी ऑडिट के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यथासंभव पारंपरिक ऊर्जा के स्थान पर सौर ऊर्जा का उपयोग करने को कहा है। उन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अधिकांश निकायों में इस मद में राशि के अभाव के कारण समय पर बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया जाता है। इससे नगरीय निकायों और विभाग को हर वर्ष अनावश्यक ही सरचार्ज व एरियर्स की राशि के रूप में बिजली विभाग को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ता है। ऊर्जा और बिजली बिल के ऑडिट से इनकी बचत के उपाय करने में सहूलियत होगी। साव ने बिजली बचाने और इसके खर्च में कमी लाने के लिए नगरीय निकायों में पारंपरिक ऊर्जा के बदले ग्रीन एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा है। इससे निकायों का खर्च घटने के साथ ही पर्यावरण भी सुधरेगा। उप मुख्यमंत्री ने चरणबद्ध तरीके से एनर्जी ऑडिट का कार्य थर्ड पार्टी प्रोफेशनल एजेंसीज से कराने के निर्देश दिए हैं। शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइटिंग जैसी विभिन्न जन सुविधाओं के संचालन के लिए नगरीय निकायों मे बड़ी संख्या में विद्युत कनेक्शन लिए गए हैं। विद्युत विभाग द्वारा प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों में इसके लिए हजारों की संख्या में बिजली के मीटर लगाए गए हैं। इन मीटरों के माध्यम से हर महीने मीटर रीडिंग कर बिजली विभाग द्वारा बिजली का बिल निकायों को प्रेषित किया जाता है। निकायों द्वारा प्रति माह एक बड़ी राशि विद्युत देयकों के रूप में व्यय की जाती है। कई बार सरचार्ज और एरियर्स के रूप में भी बिजली विभाग को अतिरिक्त राशि का भुगतान निकायों और नगरीय



प्रशासन विभाग को करना पड़ता है। विभाग द्वारा नगरीय निकायों में बिजली बिल के समायोजन के लिए बिजली विभाग को हर साल लगभग 100 करोड़ रुपए से 200 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की जाती है। वर्तमान में करीब 800 करोड़ रुपए का भुगतान लंबित होने के कारण सरचार्ज की राशि में लगातार वृद्धि हो रही है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस स्थिति को देखते हुए विभागीय समीक्षा बैठक में नगरीय निकायों के बिजली बिलों के ऑडिट तथा एनर्जी ऑडिट कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इससे प्रत्येक निकाय के बिजली बिल के ऑडिट से वास्तविक विद्युत खपत और अनावश्यक रूप से सरचार्ज हेतु किए जा रहे भुगतान का स्पष्ट आंकलन किया जा सकेगा। ऑडिट के बाद विद्युत की खपत घटाने और सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने के लिए नीति भी तैयार की जाएगी। विद्युत खपत घटाने और सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने से लंबी अवधि में लगभग 800 करोड़ रुपए से एक हजार करोड़ रुपए की बचत होगी।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदाताओं का सम्मान




रायपुर » दैनन्दिनी.

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान करने वाले चिकित्सकों एवं सीआरपीएफ बटालियन के जवानों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. अरविंद नेरल एवं अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम की उपस्थिति में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले चिकित्सकों, चिकित्सा छात्रों और सीआरपीएफ बटालियन के जवानों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदाता सम्मान समारोह के अवसर पर 124 बार रक्तदान कर चुके चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि रक्तदान एक बेहद पुनीत कार्य है। कोई भी स्वस्थ वयस्क पुरुष तीन माह में एक बार तथा महिलाएं चार माह में एक बार रक्तदान कर सकती हैं। समय- समय पर रक्तदान कर स्वैच्छिक नियमित रक्तदाता कोई भी बन सकता है। इसके लिए आयु 18 से 65 वर्ष, हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से अधिक तथा शरीर का वजन 45 किलो से कम नहीं होना चाहिए। डॉ. नेरल ने कहा कि मानव रक्त न तो किसी कारखाने में बनाए जा सकते हैं, न ही खेतों में उगाए जा सकते हैं और न ही जानवरों से प्राप्त कर सकते हैं, मानव रक्त का विकल्प केवल मानव रक्त ही है इसलिए प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने ऑटोलोगस ब्लड ट्रांसफ्यूजन के बारे में भी जानकारी दी। सीआरपीएफ बटालियन रायपुर सीजी सेक्टर के बहादुर जवानों में उमेश कुमार, मुलागापाका साई, धर्मेंद्र कुमार, नौशाद अली, दिलीप मस्कोले, रविन्द्र दसरत, रूपज्योति डेका, पंकज पेगु, मनोज कुमार और सुरेंद्र डिडेल ने रक्तदान किया। इसके लिए उनको प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनके उत्साहवर्धन के लिए सीआरपीएफ के हरीश मेहरा और जागेश्वर भगत उपस्थित रहे। मॉडल ब्लड बैंक सेंटर के डॉ. अविरल मिश्रा ने नियमित रक्तदान करने के लिए चिकित्सकों, चिकित्सा छात्रों एवं कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को रक्तदान करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वर्षा पांडे एवं डॉ.वनिता भास्कर के द्वारा किया गया।

**इन चिकित्सकों को किया गया सम्मानित-** डॉ. अरविंद नेरल, डॉ. विजय कापसे, डॉ. सूदित पाल, डॉ. अविरल मिश्रा, डॉ. पुष्कर चौधरी, डॉ. आकाश लालवानी, डॉ. कुशल चक्रवर्ती, डॉ. प्रांकुर पांडे, डॉ. देवप्रिया रथ, डॉ. पीयूष भार्गव, डॉ. प्रेम चौधरी, डॉ. शिल्पा भार्गव और डॉ. रीति शर्मा। ये सभी ऐसे रक्तदाता हैं जिन्होंने 20 से अधिक बार रक्तदान किया है।

# भू-जल समस्या वाले गांवों में पेयजल के लिए शुरू होगी मल्टी-विलेज योजना

रायपुर » दैनन्दिनी.

राज्य में भू-जल में समस्या वाले गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत मल्टी-विलेज योजना शुरू की जा रही है। खारे पानी, भू-जल में भारी तत्वों की मौजूदगी या जल स्तर के ज्यादा नीचे चले जाने की समस्या से जूझ रहे गांवों में इन योजनाओं के माध्यम से नदी का मीठा पानी पहुंचाया जाएगा। कुल 4527 करोड़ रुपए की लागत से राज्य के 18 जिलों में 71 मल्टी-विलेज योजनाओं का काम प्रारंभ हो चुका है। इन योजनाओं के माध्यम से 3234 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। इन गांवों के दस लाख से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने सभी मल्टी-विलेज योजनाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, जिससे लोगों तक यथाशीघ्र साफ पेयजल पहुंच सके। राज्य के अनेक जिलों में नलकूपों के गिरते हुए जल स्तर के कारण गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या आती है। ऐसे गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल-विलेज योजनाओं के लिए सफल पेयजल स्त्रोतों की कमी को देखते हुए सतही स्त्रोत पर आधारित मल्टी-विलेज योजनाएं बनाई गई हैं। राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से प्रदेश में 71 मल्टी-विलेज योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर सभी योजनाओं के अवयवों की ड्राइंग एवं डिजाइन की चेकिंग राष्ट्रीय स्तर पर सुविख्यात आई.आई.टी. एवं एन.आई.टी. के माध्यम से कराए जा रहे हैं।जल जीवन मिशन के तहत इन मल्टी-विलेज योजनाओं में स्थानीय नदी पर निर्मित एनीकट, बांध एवं नहर के पानी का



उपयोग किया जाएगा। जल संग्रहण के लिए इन्टेकवेल तथा जल शुद्धिकरण के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत उच्च स्तरीय एम.बी.आर. भी बनाए जा रहे हैं। इन्टेकवेल से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक डी.आई. पाइप रॉ वाटर पम्पिंग मेन तथा ट्रीटमेंट प्लांट से एम.बी.आर. तक क्लियर वाटर पम्पिंग मेन बिछाए जा रहे हैं। एम.बी.आर. के माध्यम से योजना से लाभान्वित होने वाले गांवों में निर्मित उच्च स्तरीय टंकियों तक पेयजल पहुंचाने के लिए डीआई/ओ-पी.वी.सी. पाइपलाइन भी बिछाए जा रहे हैं। इन योजनाओं का काम पूर्ण करने के लिए ठेकेदारों को 12 महीने का समय दिया गया है। उप मुख्यमंत्री साव के निर्देश पर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और योजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता तथा जल जीवन मिशन के वरिष्ठ अभियंताओं द्वारा कार्यस्थलों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान योजनाओं में प्रयोग की जा रही सामग्रियों, उपकरणों एवं आर.सी.सी. के कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मल्टी-विलेज योजनाओं में प्रयुक्त होने वाली सभी सामग्रियों एवं उपकरणों की गुणवत्ता की जांच (टेस्टिंग) के लिए थर्ड पार्टी इन्सपेक्सन भी कराए जा रहे हैं।

**18 जिलों के 3234 गांवों को मिलेगा साफ पेयजल-** जल जीवन मिशन के अंतर्गत मल्टी-विलेज योजनाओं के माध्यम से 18 जिलों के 3234 गांवों में जलापूर्ति की जाएगी। इनमें रायगढ़ जिले के 396, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के 16, कोरबा के 245, जांजगीर-चांपा के 32, राजनांदगांव के 393, महासमुंद के 48, कबीरधाम के 31, गरियाबंद के नौ, बिलासपुर के 93, सूरजपुर के 413, मुंगेली के 240, दुर्ग के 201, बलौदाबाजार-भाटापारा के 192, बेमेतरा के 219, कोरिया के 292, बालोद के 148, सरगुजा के 190 और धमतरी जिले के 76 गांव शामिल हैं।

**किस जिले में कितनी योजनाएं ?-**जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश भर में अभी कुल 71 मल्टी-विलेज योजनाएं मंजूर की गई हैं। इनमें सूरजपुर जिले की 11, कोरिया की दस, दुर्ग की सात, बलौदाबाजार-भाटापारा और रायगढ़ की छह-छह, बालोद, सरगुजा, राजनांदगांव और बिलासपुर की चार-चार, बेमेतरा की तीन, धमतरी, मुंगेली, कबीरधाम और जांजगीर-चांपा की दो-दो तथा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरबा, महासमुंद और गरियाबंद जिले की एक-एक योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं से कुल दस लाख 445 परिवार लाभान्वित होंगे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-**ब्रजेश शुक्ला** द्वारा आशीर्वाद, सी-255, रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं दैनंदिनी प्रिन्टर्स 317/4 सरोना रायपुर से मुद्रित। फोन-0771-4059450, ईमेल- dainandini@yahoo.in, mail2dainandini@gmail.com